संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शुक्रवार, 16 जून 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 163 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



गुजरात के तट से टकराया बिपरजॉय, कई इलाकों में भारी बारिश, तेज हवाओं से गिरे पेड़।

# बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

## बृजभूषण के खिलाफ नाबालिग यौन शोषण केस में क्लोजर रिपोर्ट, कोर्ट में 550 पन्नों की रिपोर्ट पेश, बालिग पहलवानों के मामले में चार्जशीट दाखिल

### पोस्को एक्ट में राहत

= शिकायतकर्ता यानी नाबालिग पीड़िता के पिता और खुद पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने का अनुरोध किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पॉक्सो केस में बड़ी राहत मिली है, जबकि यौन उत्पीड़न के आरोपों में दिल्ली पुलिस ने एक हजार पन्नों की चार्जशीट पटियाला हाउस कोर्ट में दाखिल की है। चार्जशीट पर दीपक कुमार की एसीएमएम कोर्ट 22 जून को सुनवाई करेगी। दरअसल, नाबालिग पहलवान के मामले में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में कैंसिलेशन रिपोर्ट दाखिल की गई है। सुनवाई की अगली तारीख 4 जुलाई है। रद्द करने की रिपोर्ट उन मामलों में दायर की जाती है जब कोई पुष्टिकारक साक्ष्य नहीं मिलता है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि पोस्को मामले में जांच पूरी हो गई है। जिसके बाद हमने शिकायतकर्ता यानी नाबालिग पीड़िता के पिता और खुद पीड़िता के बयानों के आधार पर मामले को रद्द करने का अनुरोध किया है। दिल्ली पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 173 के तहत रिपोर्ट पेश की है। दिल्ली पुलिस ने पोस्को केस की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस के विशेष लोक अभियोजक अतुल श्रीवास्तव ने दाखिल की है। अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि हमने पोस्को मामले में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है; सुनवाई की अगली तारीख 4 जुलाई है। इसके अलावा, कोर्ट में डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कई पहलवानों द्वारा दर्ज एफआईआर में दिल्ली पुलिस चार्जशीट दायर की है। इसमें पहलवानों द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी में जांच पूरी होने के बाद दिल्ली पुलिस धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग), 354ए (अश्लील टिप्पणी करना), 354डी के तहत अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया।







### बालिग पहलवानों के केस में इन धाराओं में चार्जशीट

**दिल्ली** पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने बताया कि 6 बालिग पहलवानों के केस में हमने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धारा 354, 354-अ और ऊके तहत चार्जशीट दाखिल की है। विनोद तोमर के खिलाफ धारा 109, 354, 354 (अ), 506 के तहत चार्जशीट दायर की गई है।
इस केस की अगली सुनवाई 22 जून को होगी।

### अब आगे क्या होगा?

**'अब** आईपीसी की धारा 354, 354ए, 354डी के तहत मामला चलेगा। इन मामलों में दोनों तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत होंगे। अगर बृजभूषण आईपीसी की धारा 354 के तहत दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कम से कम एक साल और अधिक से अधिक पांच साल तक की सजा हो सकती है। ये एक गैरजमानती धारा है। इसी तरह आईपीसी की धारा 354-ए के तहत अगर दोषी मिलते हैं तो इसमें उप धारा के तहत कठोर जुमार्ने की सजा का प्रावधान है। ऐसी परिस्थिति में आईपीसी की धारा 354 में मिली सजा को तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। जुर्माने का भी प्रावधान है। ये अपराध जमानती है।' अगर बृजभूषण आईपीसी की धारा 354डी के तहत दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें एक साल की सजा मिल सकती है। ये सजा तीन साल तक के लिए बढ़ाई भी जा सकती है। कठोर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

## रक्षा मंत्रालय ने प्रीडेटर ड्रोन सौदे को मंजूरी दी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 21 से 24 जून तक के लिए अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। उनकी इस यात्रा की तैयारियों के बीच रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिका से प्रीडेटर ड्रोन सौदे को मंजूरी दे दी। इसके लिए अंतिम फैसला सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) करेगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि 15 जून को डिफेंस एक्यूजिशन काउंसिल की बैठक में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को मंजूरी दे दी गई। अब एक्यूजिशन को निर्धारित प्रोसेस का पालन करना होगा, फिर सीसीएस इसे मंजूरी देगी। अगर प्रीडेटर ड्रोन की खासियत की बात करें तो यह करीब 35 घंटे हवा में रह सकता है।

## बंगाल में बीडीओ ऑफिस के बाहर हिंसा



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल पंचायत चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन हिंसा हुई। बीरभूम जिले के अहमदपुर में बीडीओ ऑफिस के पास टीएमसी समर्थकों ने पुलिस पर पथराव किया। इस पथराव में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बंगाल भाजपा महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने पंचायत चुनाव के दौरान हो रही हिंसा के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इस हिंसा की तुलना रूस-यूक्रेन जंग से करते हुए ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। अग्निमित्रा ने कहा कि अगर जल्द से जल्द केंद्रीय बल तैनात नहीं किया गया तो राज्य में खून की होली खेली जाएगी। दरअसल पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के दौरान कई विपक्षी नेताओं ने अपने ऊपर हिंसक हमले होने का दावा किया है।

## अमृतपाल के हैंडलर की ब्लड कैंसर से मौत



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे मुखी अमृतपाल सिंह का हेंडलर और यूके में भारतीय दूतावास पर तिरंगे का अपमान करने वाला आतंकी अवतार सिंह खांडा लंदन के अस्पताल में मारा गया। उसे बीते दिन ही लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था। उसे ब्लड कैंसर था और यह कैंसर की पहली स्टेज थी। जिसके कारण उसके शरीर में जहर फैल गया था। तबीयत बिगड़ने के बाद अब उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। यूके में बीते कुछ समय से खालिस्तान की उठ रही आवाज आतंकी अवतार सिंह खांडा की ही देन है। कुछ समय में खांडा काफी अधिक एक्टिव हुआ। खांडा खास तौर पर खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की लंदन इकाई का प्रमुख था। वह आतंकवादी कुलवंत सिंह खुखराना का बेटा है।

## भागलपुर में बम विस्फोट: दो बच्चे घायल-हालत गंभीर



**भागलपुर:** जिले में गुरुवार की दोपहर बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें दो बच्चे बुरी तरह घायल हो गए हैं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के अंबाई पंचायत स्थित मनोहरपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक, मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के अंबाई पंचायत स्थित मनोहरपुर गांव के बगीचे में एक चबूतरे के पास झाड़ियों के बगल में बम रखा था। इसी दौरान आम बीनने गए दो बच्चों ने एक डिब्बा पड़ा देखा, जिसे उठाकर खेलने लगे और तभी धमाका हो गया। इसमें दोनों बच्चे भी बुरी तरह घायल हो गए हैं।
घायलों की पहचान बलवीर कुमार और टिशू कुमारी के तौर पर हुई है।



मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर देश भर में चलाए जा रहे बीजेपी के महासंपर्क अभियान के अंतर्गत पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा चंडीगढ़ में ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शूटर अंजुम मुद्गिल से मिले।

## कर्नाटक: स्कूल के सिलेबस से हटाई गई संघ संस्थापक हेडगेवार की जीवनी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** की सिद्धारमैया सरकार ने स्कूली पाठ्यपुस्तक के पाठों से आरएसएस संस्थापक केबी हेडगेवार से संबंधित सामग्री को हटाने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के पूर्व शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने सिद्दरमैया सरकार के इस फैसला का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के वोट चाहते हैं और सिद्दरमैया की सरकार हिंदुओं के खिलाफ है। पूर्व मंत्री ने कहा कांग्रेस सरकार अब हिजाब को पहनना फिर से लागू कर सकती है।

## 'जनवरी में पीएम करेंगे राम मंदिर का उद्घाटन'

### श्रीराम अपने मंदिर में आने वाले हैं, अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनाएंगे: योगी

### रामलला के दर पर...

= एक बार फिर त्रेता युग की तरफ हम चल पड़े हैं। अयोध्या को देखकर त्रेतायुग की याद आएगी: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**सीएम योगी** मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 साल पूरे होने पर अयोध्या पहुंचे हैं। गुरुवार को भरतकुंड पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "राम मंदिर का निर्माण तेजी से हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन करेंगे। ये दिन उत्सव की तरह मनाया जाएगा। 21 लाख दीप जलाए जाएंगे। अयोध्या का वैभव दुनिया देखेगी।" सीएम योगी ने कहा, "पहले गुप्तार घाट और सूरज कुंड जर्जर था। हमने यहां निर्माण कराए हैं। 3 महीने से गुप्तार घाट कितने लोग गए हैं? 6 साल पहले वो वीरान पड़ा हुआ था। अब जाकर देखिए, कितना बढ़िया बन चुका है। ये नई अयोध्या है। हम अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनाएंगे।"



### 'जिसने अयोध्या में जन्म नहीं लिया, वो पछता रहा'

**योगी** ने कहा, "अयोध्या में लोग देश दुनिया से आएंगे। जिसने अयोध्या में जन्म नहीं लिया, वो पछता रहा होगा। राम अब अपने घर में आने वाले हैं। अपने मंदिर में आने वाले हैं। उसकी तैयारी उत्सव के रूप में होनी चाहिए। हमारी सरकार ने जो कहा, वो करके दिखाया। अयोध्या के साथ कोई अन्याय नहीं कर सकता है।" "राम के बिना हमारा जीवन अधूरा माना जाता है।"

**'अयोध्या को देखकर त्रेतायुग की याद आएगी':** सीएम ने कहा, "एक बार फिर त्रेता युग की तरफ हम चल पड़े हैं। अयोध्या को देखकर त्रेतायुग की याद आएगी। अगले वर्ष हमारे श्रीराम आने वाले हैं। अपने घर-महल में विराजमान होने वाले हैं। इसकी तैयारी दीपोत्सव के साथ प्रारंभ होनी चाहिए। जैसे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।" उन्होंने कहा, "एयरपोर्ट पर एक साथ कई विमान उतर सकेंगे। यहां इंटरनेशनल फ्लाइट लैंड करेंगी। किसी बड़े उद्देश्य के लिए शुरूआत में कुछ कठिनाई तो झेलनी पड़ती है। अगले चार-छह महीने में अयोध्या की सड़कें दिल्ली की राजपथ सी लगेंगी।

## एशिया कप श्रीलंका-पाकिस्तान में होगा

**टीम एक्शन इंडिया/कोलंबो**
**एशिया** कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 के मुकाबले पाकिस्तान और श्रीलंका में खेले जाएंगे। पाकिस्तान में टूर्नामेंट के सिर्फ 4 मैच होंगे। बाकी 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे। शुरूआती ग्रुप स्टेज के चार मैच पाकिस्तान में होंगे। इनमें एक ग्रुप से पाकिस्तान बनाम नेपाल मैच और दूसरे ग्रुप से अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच शामिल हैं। यानी पाकिस्तान में भारत का एक भी मैच नहीं होगा। फाइनल भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा। 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच होने जा रहे इस टूर्नामेंट के कौन से मैच किस शहर में होंगे इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### टूर्नामेंट की तारीख

= अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और बांग्लादेश बनाम श्रीलंका मैच शामिल हैं। यानी पाकिस्तान में भारत का एक भी मैच नहीं होगा

**श्रीलंका में कौन-कौन से मैच होंगे:** श्रीलंका में ग्रुप स्टेज से भारत बनाम पाकिस्तान और भारत बनाम नेपाल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों ग्रुप से टॉप-2 स्थान पर रहने वाली टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी। सुपर-4 के सभी मैच और फाइनल भी श्रीलंका में ही खेले जाएंगे। एशिया कप के मौजूदा सीजन की मेजबानी विवादों में रही है। इसके आयोजन का जिम्मा पाकिस्तान को दिया था, लेकिन प्रेसिडेंट और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पाकिस्तान में भारतीय टीम भेजने से इंकार कर दिया।

## मनी लॉन्ड्रिंग: सेंथिल को कोर्ट से झटका

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई: मनी** लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी को झटका लगा है। शहर की एक अदालत ने उनकी रिमांड खत्म करने की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने याचिका को गलत बताते हुए खारिज कर दिया, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए बालाजी को पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।
**पूछताछ के दौरान रो पड़े थे मंत्री:** ईडी ने बीते दिनों मनी लांड्रिंग के मामले में तमिलनाडु में कार्रवाई की थी। ईडी के अधिकारियों द्वारा बुधवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिए जाने के दौरान वी सेंथिल बालाजी रो पड़े थे।

## उत्तरकाशी: पुरोला में हालात तनावपूर्ण, बाजार रहे बंद

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी/बड़कोट/नौगांव**
**पुरोला** में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। यमुना घाटी के तीनों बाजार बंद कर दिए गए हैं। बड़कोट, पुरोला, नौगांव के सभी बाजारों में कोई दुकान नहीं खुली। वहीं महापंचायत के लिए पुरोला जाने की जिद पर अड़े हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं व व्यापारियों को पुलिस ने पुरोला जाने से रोका। पुलिस के साथ देर तक नोंकझोक के बाद प्रदर्शनकारी यही धरने पर बैठ गए, जिसके चलते यहां लंबा जाम लग गया।



गुरुवार 15 जून को पुरोला में प्रस्तावित महापंचायत को लेकर जिला प्रशासन ने बुधवार शाम ही क्षेत्र में धारा-144 लागू कर दी थी। जिले के बॉर्डर भी सील कर दिए गए।
भारी संख्या में क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया, बावजूद व्यापारी और हिंदू संगठनों के लोग महपंचायत करने की जिद पर अड़े हैं।

### लव जेहाद का विरोध

= महापंचायत के लिए पुरोला जाने की जिद पर अड़े हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं व व्यापारियों को पुलिस ने पुरोला जाने से रोका

**रुद्रसेना के संस्थापक गिरफ्तार:** महापंचायत के लिए पुरोला जाने की कोशिश कर रहे रुद्रसेना के संस्थापक राकेश तोमर उत्तराखंडी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं बजरंग दल का दावा है कई कार्यकर्ता पुरोला पहुंचे हैं।

## पंजाब की बठिंडा जेल लौटा गैंगस्टर लॉरेंस

**अमृतसर:** दिल्ली की जेल में गैंगस्टर लॉरेंस के मर्डर की शंकाओं के बीच देर रात उसे पंजाब की बठिंडा जेल पहुंचा दिया गया। दिल्ली जेल प्रशासन ने बीते दिनों लॉरेंस को स्थानीय कोर्ट में पेश किया था। जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड खत्म होने पर बठिंडा जेल भेजने के आदेश दिए थे। 3 दिन पहले दिल्ली जेल प्रशासन की अपील पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने भी गैंगस्टर की कस्टडी पूरी होने के बाद उसे बठिंडा जेल को सुपुर्द करने को कहा है।

**चल रहा विचार**

### अनछुए स्थलों को पर्यटन के दृष्टिगत बढ़ावा दिया जाएगा

## प्रदेश सरकार नई पर्यटन नीति बनाएगी: सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**प्रदेश सरकार** राज्य के अनछुए स्थलों को बढ़ावा देकर पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से नई पर्यटन नीति तैयार करने पर गहन विचार कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में आगामी पांच वर्षों में पर्यटकों की संख्या को 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ करने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। प्रकृति ने प्रदेश को आपार सौंदर्य से नवाजा है तथा इस सम्पदा का दोहन कर अधिक से अधिक पर्यटकों को प्रदेश की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मई, 2023 तक हिमाचल प्रदेश में लगभग 72 लाख पर्यटकों ने भ्रमण किया है। उन्होंने पर्यटकों की संख्या का सटीक आंकड़ा पता लगाने तथा पर्यटन अधोसंरचना में सुधार करने के लिए पर्यटन विभाग को डॉटा संकलन की प्रणाली तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्य सरकार ने पर्यटन सम्बंधी परियोजनाओं के विकास के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग में विपणन प्रयासों तथा स्टाफ को व्यवस्थित करने की महत्ता पर भी बल दिया। जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने से सम्बंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने विभाग को आगामी विचार के लिए अवधारणा पत्र तैयार करने के निर्देश दिए। इन परियोजनाओं में सकोह में रोलर स्केटिंग रिंक, परागपुर में गोल्फ कोर्स, मैंझा में शीर्ष रिजॉर्ट, नरघोटा में पर्यटन गांव तथा कांगड़ा में प्रस्तावित ऐरो सिटी शामिल है। इसके अतिरिक्त जिला कांगड़ा के नगरोटा-बगवां विधानसभा क्षेत्र में नौरा खड्ड में थीम आधारित सेटेलाइट गांव बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।



### पर्यटन पर फोकस

= प्रदेश की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में पर्यटन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: सुखविंदर सिंह सुक्खू

## मणिपुर में कर्फ्यू के बावजूद घर जलाए

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** की राजधानी इंफाल के न्यू चेकॉन इलाके में हिंसा भड़क गई। कर्फ्यू के बावजूद कुछ घरों में आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारी सुरक्षा बलों से भिड़ गए। इसमें कुछ लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसूगैस के गोले छोड़े। रैपिड एक्शन फोर्स के जवान एक संकरी गली में प्रदर्शनकारियों के एक बड़े समूह पर आंसू गैस के गोले दागते नजर आ रहे हैं। इंफाल के लाम्फेल इलाके में बुधवार रात उद्योग मंत्री नेमचा किपजेन के सरकारी बंगले में आग लगा दी गई थी। किपजेन उस समय घर पर नहीं थीं।



हालांकि फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। किपजेन भाजपा के सात कुकी विधायकों में से एक हैं और राज्य की एकमात्र महिला मंत्री हैं।
**हमलों में 9 लोगों की मौत हुई थी:** इसके पहले मैतेई बहुल कांगपोकी जिले में मंगलवार रात हुए हमले में 9 लोगों की जान चली गई थी। 10 लोग घायल हुए थे। पुलिस ने बताया कि रात करीब एक बजे कांगपोकी से सटे खामेलोक गांव और इंफाल पूर्वी जिले में हमला किया गया। हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। मारे गए सभी लोग खामेलोक गांव के थे।

# सीएम ने शिमला से जुड़ी हस्तियां मानचित्र जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल देर सायं यहां भाषाए कला एवं संस्कृति विभाग के पूर्व सहायक निदेशक त्रिलोक सूर्यवंशी द्वारा तैयार किए गए 'शिमला से जुड़ी हस्तियांइ मानचित्र जारी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला एक ऐतिहासिक नगर है और कई विश्व प्रसिद्ध हस्तियों का इस शहर से गहरा रिश्ता रहा है। ऐसे में इस मानचित्र के माध्यम से इन ऐतिहासिक स्थलों के बारे जानकारी प्रदान करने का प्रयास यह सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मानचित्र युवाओं के लिए एक रोचक अभिलेख साबित होगा।इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, पूर्व वरिष्ठ वास्तुकार केसी चौहान, साहित्यकार जगमोहन शर्मा, माया सूर्यवंशी एवं राज्य एनएसयूआई के महासचिव प्रवीण मिन्हास उपस्थित थे।



## कृषि के लिए भी उद्योगों जैसी नीति बनाई जाए: सीताराम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राष्ट्रीय स्वतंत्रता किसान मोर्चा के अध्यक्ष ठाकुर सीताराम ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से कृषि को उद्योगों जैसी नीति का दर्जा देने की मांग की है। साथ ही पशुओं नील गायों व जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए ठोस नीति बनाई जाए। सीताराम ने कहा कि कृषि बागवानी विभाग किसानों के खेतों में जाकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में नकाम रहा है। सरकार की कृषि की योजनाएं किसानों तक नहीं पहुंच रही हैं।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने राज्यपाल को रिपोर्ट प्रस्तुत की



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
हिमाचल प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची ने गत दिवस को राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। राज्य चुनाव आयुक्त ने नगर निगम शिमला के चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय शहरी निकायों के उप-चुनावों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## तनोह में जमीन विवाद के चलते व्यक्ति पर पत्थरों से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना बंगाणा के तहत तनोह में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर पत्थरों से हमला हुआ है। हमले में व्यक्ति के हाथ की अंगुली टूट गई। जिसका बंगाणा अस्पताल में मेडिकल व उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर मिस्त्री व उसके मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुखदेव निवासी तनोहत ने बताया कि पड़ोस का ही दलीप कुमार सुबह मेरे बरामदे में जबरदस्ती दीवार का निर्माण करने लगा।

# मेले और त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हैं: हर्षवर्धन चौहान

**8 उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला में आयोजित होने वाले मेले और त्योहारों की प्रदेश में अपनी अलग पहचान है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मेले और त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हैं और इनका संरक्षण करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला में आयोजित होने वाले मेले और त्योहारों की प्रदेश में अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जहां सामाजिक समरसता बढ़ती है वहीं यह आयोजन ग्रामीण जन समुदाय के लिए मनोरंजन का प्रमुख साधन भी हैं। उद्योग मंत्री बुधवार को राजगढ़ क्षेत्र के कोटि टिम्बा मेले के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व में हिमाचल सरकार प्रदेश के दूर.दराज क्षेत्रों का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम हिमाचल को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए भरसक और गंभीर प्रयास कर रहे हैं ताकि हिमाचल अपने पांव पर खड़ा हो सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में करीब 6 हजार जेबीटी, टीजीटी और सीएण्डवी अध्यापकों की नियुक्तियों की प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और शीघ्र ही भर्तियां प्रारम्भ होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में सभी जरूरी खाली पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सुखाश्रय योजना के अन्तर्गत अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान की जाएगी और प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें चार हजार रुपये मासिक प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गृहविहीन एकल नारी को अपना घर बनाने के लिए 1.50 लाख रुपये की धनराशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के गठन होते ही शिमला नगर निगम चुनाव में कांग्रेस ने 34 सीटों 24 सीटों पर विजय हासिल की जिससे सिद्ध होता है कि प्रदेश की जनता कांग्रेस और कांग्रेस की नीतियों के साथ है। उद्योग मंत्री ने कोटि टिम्बा सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख रुपये तथा कोटी टिम्बा काला माता मंदिर के प्रांगण के निर्माण के लिए 3 लाख रुपये देने की घोषणा की।



## संक्षिप्त खबरें

### सीएम सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर में 104 आश्रित बनेंगे चाइल्ड ऑफ स्टेट

**निशुल्क पढ़ाई के साथ हर माह मिलेगा 4000 जेब खर्च**
**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इस योजना के तहत लाभार्थियों की पात्रता कैसे तय होगी और किस तरह से लाभ मिलेगा इस बाबत विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को प्रदेश सरकार की तरफ से जारी कर दी गई है। योजना के एक नहीं बल्कि अनेक फायदे हैं। योजना के तहत सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर में 104 निराश्रित बच्चों की पहचान की गई है। हर जिले में जिला प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई इस कार्य को कर रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के उन बच्चों कवर किया जा रहा है जो कि अपने रिश्तेदारों पर आश्रित है। इन बच्चों को चाइल्ड ऑफ स्टेट घोषित किया गया है। हमीरपुर जिला में 104 बच्चे चाइल्ड ऑफ स्टेट बनेंगे। इन बच्चों को हर महीने जेब खर्च के लिए 4000 रुपए आफ्टर केयर के रूप में पढ़ाई के दौरान योजना के अंतर्गत दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं बच्चों की पढ़ाई का तमाम खर्च योजना के अंतर्गत उठाए जाएगा। हमीरपुर जिला में योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए 8, एक बच्चे ने हाउस ग्रांट के लिए भी आवेदन किया है। योजना के अंतर्गत मिले आवेदन को प्रदेश सरकार को जिला बाल संरक्षण इकाई हमीरपुर की तरफ से प्रपोजल भेजी गई है। प्रदेश सरकार की इस योजना के अंतर्गत ना सिर्फ निराश्रित बच्चों को पढ़ाई का खर्च और जेब खर्च दिया जाएगा बल्कि हाउस ग्रांट, मैरिज ग्रांट, भूमि हीन को 3 बिस्वा जमीन भी सरकार की तरफ से दी जाएगी।

### 126 को जिला में मिल रहा फोस्टर केयर और स्पॉन्सर से स्कीम का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
केंद्र और प्रदेश सरकार की फोस्टर केयर और स्पॉन्सर स्कीम का हमीरपुर जिला में 126 लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत पात्रता की उम्र 0 से 18 साल तय है। इस योजना के अंतर्गत भी लाभार्थियों को हर महीने सेविंग अकाउंट में 4000 और एफडी अकाउंट में 500 की राशि सरकार की तरफ से दी जाती है। इस सम्दर्भ में जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने बताया कि चाइल्ड केयर इंस्टिट्यूशन सुजानपुर में वर्तमान में 10 बच्चे हैं। यहां पर बच्चों के रहने और खानेण्पीने और पढ़ाई की बेहतर व्यवस्था सरकार उपलब्ध करवा रही है। इन बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट की सुविधा दी जा रही है 1 साल में 15 दिन की यह सुविधा होगी जिसमें हवाई जहाज और वोल्वो बस के माध्यम से यह बच्चे देशभर में घूम सकेंगे।

### क्लीन एन्ड क्लीयर के नए और बेहतर फोमिंग फेसवाश के साथ पाएँ ज्यादा क्लीयर हायड्रेटेड स्किन

**चंडीगढ़:** क्लीन एन्ड क्लीयर जो भारत के लीडिंग टीनेज स्किनकेयर ब्रैंड में से एक है ने टीनेज लड़कियों को होने वाली पिंपल और ऑइली स्किन की समस्याओं में उनकी मदद के लिए अपना नया और बेहतर क्लीन एन्ड क्लीयर फोमिंग फेसवाश लॉन्च किया है। नए शक्तिशाली और बेहतर फॉमुर्ला में हैं 50 प्रतिशत पिंपल.फाइटिंग तत्व और यह बस 1 हफ़्ते में पिंपल घटाने के लिए क्लिनिकली प्रूवन है। नया और क्लीन एन्ड क्लीयर फोमिंग फेसवाश बेहतर त्वचा को सौम्यता से साफ करता है, 99 प्रतिशत गंदगी,ऑइल और एक्ने पैदा करने वाले बैक्टीरिया हटाता है और इसमें कोई भी सल्फेट या पैराबेन नहीं हैं। स्किन को नमी देने वाले तत्वों से बना यह फेसवॉश 4 गुना अधिक हायड्रेशन देकर स्किन की 99 प्रतिशत नेचुरल नमी बनाए रखता है और हर इस्तेमाल के बाद त्वचा को ग्लोइंग और फ्रेश बनाता है। क्लीन एन्ड क्लीयर फोमिंग फेसवाश के बेहतर फॉमुर्ला को खास तौर पर यंग टीनेज लड़कियों की दो समस्याएँ खत्म करने में उनकी मदद के लिए तैयार किया गया है पहली स्किन ड्रायनेस की समस्या और दूसरी उनके डेली स्किनकेयर रुटीन में सल्फेट और पैराबेन की मौजूदगी को लेकर उनकी चिंता।इस नए और बेहतर फॉमुर्ला के लॉन्च के साथ उपभोक्ताओं को एक अधिक प्रभावी क्लींजर मिलेगा जो एक हफ़्ते में पिंपल घटाता है और साथ.ही.साथ उन्हें दोबारा होने से रोकता है वह भी उस सौम्यता को नुकसान पहुँचाए बिना जिसकी स्किन हकदार है। केनव्यू के वाइस प्रेसिडेंट ऑफ मार्केटिंग और बिजनेस यूनिट हेड मनोज गाडगिल ने कहा सालों से क्लीन एन्ड क्लीयर ने खुद को लीडिंग टीनेज स्किनकेयर ब्रैंड के रूप में स्थापित किया हुआ है और हमारे प्रॉडक्ट की श्रेष्ठता और प्रभाविकता के कारण भारत भर में करोड़ों लड़कियाँ हम पर भरोसा करती हैं। हमारे ब्रैंड ने हमेशा टीन एजर्स को पिंपल से जुड़े अंदरूनी संकोच से उबरने और अपना आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु प्रेरित करने की कोशिश की है।

## शूलिनी विश्वविद्यालय निजी भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की पहली डूअल डिग्री पार्टनर बनी

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/सोलन/मनीष**
शूलिनी यूनिवर्सिटी देश की टॉप रैंक यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के साथ डूअल डिग्रीवाली एक महत्वपूर्ण साझेदारी के अंतर्गत भारतीय छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान किए हैं।किसी निजी भारतीय विश्वविद्यालय के साथ यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की पहली डूअलण्डिग्री पार्टनरशिप के साथ यह संभव हो पाया है।इसके साथ ही शूलिनी विश्वविद्यालय की शानदार साख और प्रतिष्ठा भी नए सिरे से प्रमाणित होती है।प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शूलिनी यूनिवर्सिटी को भारत के निजी विश्वविद्यालयों में पहले रैंक पर रखा गया है और इसे ओवरऑल देश की दूसरी रैंकवाली यूनिवर्सिटी बताया गया है।इसी तरह यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न को ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में ऑस्ट्रेलिया में पहले स्थान पर और दुनिया भर में 34 वीं पोजीशन पर रखा गया है।इस तरह दोनों प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के बीच इस साझेदारी से एकेडमिक क्षेत्र में एक्सीलैंस और इनोवेशन के लिहाज से नए स्टैंडर्ड कायम होने की संभावनाएं नजर आ रही हैं।बैचलर ऑफ साइंस एडवांस्ड ऑनर्स से शुरू होने वाला डूअल डिग्री प्रोग्राम छात्रों को विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम प्रदान करता है और वास्तव में ग्लोबल स्तर की शिक्षा के दरवाजे उनके लिए खोलता है।इस ऐतिहासिक समझौते के तहत भारतीय छात्रों को दोहरी डिग्री कार्यक्रम के साथ एक अनूठा लाभ प्राप्त होता है जिससे उन्हें अपने देश में और यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न दोनों में विज्ञान में स्नातक अध्ययन करने की सुविधा मिलती है।इसके तहत उन्हें शूलिनी विश्वविद्यालय में दो वर्ष अध्ययन करना होता है और इसके बाद मेलबर्न में दो वर्ष बिताने होते हैं।तीसरे और चौथे वर्ष में छात्रों को सही अर्थों में ग्लोबल एजुकेशन अनुभव होता है।



इस दौरान उन्हें एग्रीकल्चर, सस्टेनेबिलिटी और एन्वायर्नमेंट, बायो साइंसेस और कंप्यूटर विज्ञान सहित अनेक मल्टी डिस्प्लिनरी मेजर्स में से चुनने का मौका मिलता है।शूलिनी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा हमें इस बात की बहुत खुशी है कि हम अपने एक्सेप्शनल प्रतिभाशाली स्नातक छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन करने के बेहतर अवसर प्रदान करने जा रहे हैं।

## बाथू में घर से अवैध शराब बरामद, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना हरोली के तहत बाथू में पुलिस ने एक घर से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम को हरोली पुलिस बाथू में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने भगत राम निवासी बाथू के घर की तलाशी ली, जहां से पुलिस को 41 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोप में भगत राम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जामनीवाला स्कूल में नशे से बचने की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला बाल सरंक्षण कार्यालय सिरमौर तथा बाल विकास परियोजना पावंटा साहिब के संयुक्त प्रयास से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जामनीवाला में नशे से बचाव, बाल विवाह तथा पोक्सो एक्ट, बच्चों से सम्बन्धित अन्य कानूनों बारे एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के प्रारंभ में जिला बाल सरंक्षण कार्यालय से लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर मोहम्मद शमीम ने बाल सरंक्षण इकाई सिरमौर का परिचय दिया तथा इसकी कार्यकारिणी के बारे में बताया।लीगल कम प्रोबेशन ऑफिसर मोहम्मद शमीम ने बच्चों को गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान- तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम, 1994, पोक्सो अधिनियम संशोधित 2019 तथा किशोर न्याय संशोधित 2021 अधिनियम, बाल श्रम निषेध अधिनियम तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने साइबर क्राइम तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी जानकारी दी और सभी से अपील की कि नशे को रोकने मे सभी अपना योगदान दें। बीआरसी पावंटा साहिब से सुरेश कुमार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के बारे मे विस्तृत जानकार दी।



# हैंडबॉल खिलाड़ी नैन्सी ठाकुर का बैंडबाजों के साथ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
राजकीय उच्च पाठशाला मंझेली में हैंडबॉल खिलाड़ी नैन्सी ठाकुर पुत्री हेमराज का बैंडबाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्कूल के छात्रों, स्टाफ व ग्रामीणों ने हैंडबॉल खिलाड़ी को फूल मालाएं पहनाकर वेलकम किया। क्योंकि नैन्सी ने अपनी प्रतिभा से प्रदेश का नाम देश भर में रोशन किया है। बता दें कि नैंसी ठाकुर हिमाचल प्रदेश की अंडर-19 हैंडबाल टीम की सदस्य थी। प्रदेश की हैंडबाल टीम फ इनल में दिल्ली की टीम को 39-12 से हराकर चैंपियन बनी थी। नैंसी ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू से बाहरवीं पास आउट हो चुकी हैए जबकि हैंडबाल की प्रैक्टिस हाई स्कूल मंझेली में करती है। नैंसी ने अपनी मेहनत का श्रेय मंझेली स्कूल के पीईटी एवं कोच राकेश सिंह को दिया है। राकेश सिंह मंझेली स्कूल में वर्ष 2007 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और यहां पर स्कूली छात्रों व आस.पास के गांव के बच्चों को हैंडबाल, बास्केटबाल और वॉलीबाल में प्रशिक्षण मुहैया करवा रहे हैं। राकेश सिंह की मानें तो वे अब तक मंझेली स्कूल व आसपास के क्षेत्रों से 25-26 नेशनल खिलाड़ी प्रदेश को दे चुके हैं। राकेश सिंह के तीन हैंडबाल खिलाड़ी भी अंडर-14 में भी नेशनल टीम के लिए सिलेक्ट हुए हैं, इनमें दो लडके.व एक लडकी शामिल है। ऐसे में अंडर-14 का नेशनल अभी तक नहीं हो पाया है। ऐसे में खिलाड़ी नेशनल से बंचित रह गए हैं। मंझेली स्कूल में 80 के करीब खिलाड़ी रोजाना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



# उद्योगों की समस्याओं का निपटारा करना विभागों का दायित्व: सुमित खिमटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि उद्योगों का स्थानीय क्षेत्र के विकास और प्रदेश की आर्थिकी में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक पग उठा रही है। उपायुक्त आज बुधवार को नाहन से 25 किलोमीटर दूर त्रिलोकपुर में कालाअंब क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों की अनेक छोटी-छोटी समस्यायें होती हैं और विभागों का दायित्व है कि सभी समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाये। उद्योगपतियों ने अवगत करवाया कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों के सभी संपर्क मार्गों में काफी दिक्कत आ रही है, ये मार्ग पक्के नहीं हैं, इन मार्गों को सरकार के नाम हस्तांतरित करके पक्का करने की कवायद शुरू की जानी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जहां सरकारी रास्ते हैं उनका जल्द पता लगाकर विभाग को कार्य करने के कहा जायेगा, इसके लिए उन्होंने एसडीएम को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रबंध, मल निकासी की भी समस्या औद्योगिक क्षेत्र में है। जल शक्ति विभाग ने बताया कि कालाअंब क्षेत्र में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित हो चुका है और सिवरेज कनैक्शन के लिए आवेदन किया जा सकता है। सुमित खिमटा ने कहा कि कचरा निष्पादन वैज्ञानिक तरीके से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गारबेज कलैक्शन के लिए यदि धन की कमी है तो उपलब्ध करवाया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि दोपहर 12 बजे तक सडकों के किनारे से कचरा एकत्रित किया जा रहा हैए इसके बाद कोई भी कचरा नहीं डाले। उपायुक्त ने पंचायतों से सहयोग करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि एचआरटीसी बसों के फ्लीट को औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ाने के लिए प्रयास किये जायेंगे। इसके अलावा उद्योगों की मांग पर ई-रिक्शा चलाने की संभावना भी देखी जायेगी। उन्होंने इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट स्थापित करने के लिए भी कहा।



# युवा नशे से दूर ही रहें: एमआई खान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर संगठन जिला सिरमौर की ओर से गवर्नमेंट मॉडल शमशेर सिनियर सेकेंडरी बॉयज स्कूल नाहन में छात्रों और शिक्षकों के साथ सभी प्रकार के नशीली दवाओं व नशीले पदार्थो एवं यातायात नियमों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन अध्यक्ष एमआई खान ने सभी छात्रों को नशा और यातायात के बारे में जागरुक किया। सभी प्रकार के नशीले पदार्थो के प्रकार और इसको सेवन करने से शरीर और जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं इससे संबंधित कानून के बारे में अवगत करवाते हुए बताया गया कि बहुत बड़ी संख्या में आज का युवा वर्ग भारी संख्या में नशे की लत में पड़ गया है।नशा एक बहुत भयानक और स्लो पॉइजन वाली घातक बीमारी है जिसको व्यक्ति स्वयं ग्रहण करता है। नशे की लत पड़ने पर अपने लिए नशा उपलब्ध करने के लिया वह व्यक्ति अपना सब कुछ दांव पर लगाते हुए अपना जीवन बर्बाद कर लेता है। नशा उपलब्ध नहीं होने पर दूसरे की हत्या भी कर देता है और स्वयं आत्महत्या भी कर लेता है। इसलिए नशे को नहीं अपनाए बल्कि इससे दूर ही रहें। एमआई खान ने बताया कि हमें यातायात नियमों का भी अच्छे से पालन करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले हमेशा सडक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन कहीं सडक हादसे पेश आते हैं।

इन्हीं सडक हादसों से बचने के लिए हमें यातायात के नियमों का अच्छे से पालन करना चाहिए। बाइक चलाते हुए हेलमेट और गाड़ी चलाते हुए हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए।



# सहकारी बैंकों को मजबूत और आधुनिक बनाएगी प्रदेश सरकारः सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर ग्राहकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए बैंकों को डिजिटल तकनीक से लैस किया जा रहा है। सहकारी बैंकों की कार्य पद्धति को विस्तार देने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा अगले छह माह में कई बड़े सुधार लागू किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों का इन बैंकों पर विश्वास बढ़ा है और आजीविका अर्जन के लिए बैंकिंग सुविधाओं का समुचित उपयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सहकारी बैंकों को हरसंभव



सहायता प्रदान कर उन्हें सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवा सकें।बैंकिंग क्षेत्र किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह क्षेत्र आमजन, किसानों, उद्यमियों, व्यापारियों इत्यादि को बैंकिंग की विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाता है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों का विकास निरंतर जारी रहता है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में इन सेवाओं के नवोन्मेषी डिजिटल रूपांतरणरण से बड़ी संख्या में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण तथा ऑनलाइन बैंकिंग की सुगम सुविधा से लोगों के समय और पैसे दोनों की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। राज्य सरकार ने निर्धन परिवार के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज की दर से उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है, ताकि संसाधनों के अभाव में कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे। इसके अलावा आने वाले समय में टैक्सी संचालकों को ई-टैक्सी चलाने के लिए परमिट जारी किए जाएंगे। सरकार ई-टैक्सी, ई-बस और ई-ट्रक की खरीद पर 50 प्रतिशत अनुदान देगी। प्रदेश सरकार के इन प्रयासों को मूर्तरूप प्रदान करने में सहकारी बैंकों की प्रमुख भूमिका सुनिश्चित की जा रही है।

इसके अलावा राज्य सरकार 250 किलोवाट से 2 मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए 40 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करेगी और उत्पादित बिजली हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा खरीदी जाएगी। बैंक इन योजनाओं में उदारतापूर्वक ऋ ण प्रदान करेंगे क्योंकि इन ऋ णों की संप्रभु गारंटी राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए सहकारी बैंक को प्रमुख बैंक बनाने का निर्णय लिया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कर्मचारियों को रक्तदान की शपथ दिलाई



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-1 में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नगवाई कार्यालय में परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने परियोजना के कर्मचारियों को रक्तदान की शपथ दिलाई। डॉ ज्योतिर्मय जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि आपका रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है। रक्तदाता को रक्तदान करने से कई बीमारियों में फायदा होता है जैसाकि बीपी स्थिर रहता है, कोलोस्ट्रोल नियंत्रण रहता है, नए सेल बनते है, कैंसर होने का खतरा कम होता है तथा हृदय रोग नियंत्रण में रहता है। इस अवसर पर रणजीत सिंह, महाप्रबंधक यांत्रिक, साजन मोइददीन, महाप्रबंधक यांत्रिक, श्वेता ओझा,उप महाप्रबंधक मानव संसाधन अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित रहे।

## डॉक्टर नदीम की टिप्पणी के खिलाफ और भड़का हिंदू एकता मंच का गुस्सा



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

भगवान शिव के खिलाफ अश्लील और घटिया टिप्पणी करने वाले डॉक्टर नदीम अख्तर के खिलाफ लगातार जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को हिंदू एकता मंच और हिमाचल व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में बंद के आह्वान पर एक तरफ जहां जिला भर के सभी बाजार बंद रहे, वहीं दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा पर बसे कस्बा मैहतपुर में फिर से सैकड़ों लोग सडकों पर उतरे और डॉक्टर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रोष रैली निकालते हुए प्रदर्शनकारियों ने डॉक्टर के अस्पताल के ही सामने उसका पुतला फूंक डाला, और अस्पताल परिसर के आगे जोरदार नारेबाजी के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। हिंदू एकता मंच के संयोजक चंदन शर्मा ने कहा कि देश की न्यायपालिका को ऐसे लोगों के खिलाफ नरमी नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज होनी चाहिए और उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। दूसरी तरफ नगर परिषद के पूर्व पार्षद विवेक भारद्वाज ने कहा कि डॉ नदीम इससे पहले भी सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां और पोस्ट करता आया है ऐसे में डॉक्टर के खिलाफ व्यापक जांच करते हुए कार्रवाई अमल में लानी चाहिए और इसके किस किस जगह किस किस के साथ संबंध हैं उसकी भी जांच हो।

हिंदू संगठनों ने ऐलान किया कि यदि अब भी डॉक्टर नदीम अख्तर की जमानत याचिका खारिज नहीं होती है तो इसके बाद प्रदेश भर में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न हिंदू संगठन के सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

उचित कार्रवाई न होने पर प्रदेश भर में बंद रहेगा व्यापार

हिमाचल व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सोमेश शर्मा ने कहा कि डॉक्टर नदीम अख्तर द्वारा की गई टिप्पणी केवल मात्र अभद्र नहीं है, अपितु यह असहनीय है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश के लाखों लोग भगवान शिव को अपना आराध्य मानते हैं। ऐसे में डॉक्टर नदीम को टिप्पणी करने से पहले कुछ सोचना चाहिए था कि वह एक समुदाय और धर्म विशेष के खिलाफ अपमानजनक शब्द लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल व्यापार मंडल ने हिंदू एकता मंच के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए बंद का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यदि अब भी डॉक्टर के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, तो हिमाचल व्यापार मंडल प्रदेश भर में बंद का आह्वान करते हुए कारोबार ठप करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और प्रशासन की होगी।

## कैडेट्स को स्ट्रेस कम करने के बताए तरीके

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जेएवी पेखूवेला में छठी एचपी स्वतंत्र कंपनी ऊना द्वारा चलाए जा रहे वार्षिक कैंप के तीसरे दिन वीरवार को स्कूल प्रधानाचार्य ने कैडेट्स को स्ट्रेस मैनेजमेंट के बारे में बहुत ही प्रभावशाली तरीके से बताया गया। बच्चों को सिखाया गया कि वह किस प्रकार तनाव पर काबु पा सकते हैं। इसके पश्चात अद्वेता फाउंडेशन के संस्थापक मोनिका सिंह, एडवोकेट केशव कुमार चंदेल, गजाला, सीडबल्यूसी रीना चंदेल तथा इंद्रजीत सिंह ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया। मोनिका ने बच्चों को समाजसेवा के बारे में प्रेरित किया तथा सिखाया कि समाज के प्रति क्या कर्तव्य है।

## उपायुक्त ने विभिन्न समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बुधवार को सम्मेलन कक्ष में जिला प्रशासन और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ भांदल मामले पर बैठक की। उन्होंने कहा कि अपराधियों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से सम्बंध रखते हों। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि इस मामले की बारीकी से सभी पहलुओं पर जाचं करने के लिए डीएसपी सलूणी की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है जो शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को



सुलझाने के लिए पूरी गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के पश्चात जो भी व्यक्ति इस घटना में संलिप्त पाया जाएगाए उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए हर संभव सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश विशेषकर चंबा जिला शांति और भाईचारे की मिशाल पेश करता हैं। उन्होंने समाज मे शांति व भाईचारे की उच्च परम्पराओं को बनाये रखने के लिए सभी वर्गों से आपसी सहयोग और सौहार्द की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी बुद्धिजीवियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार विमर्श किया। बैठक के उपरांत सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा।बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान, एसडीएम अरुण शर्मा, बजरंग दल, राजपूत सभा व गुज्जर समाज के सदस्यों सहित विभिन्न बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

## नेगी ने रैली ऑफ वैली का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने चलो चंबा अभियान के तहत रैली ऑफ चंबा के नये आयोजन रैली ऑफ वैली का पुलिस मैदान से विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने इस दौरान आयोजित सुपर स्टेज प्रतिस्पर्धा में नेविगेटर के रूप में हिस्सा भी लिया। इस अवसर पर विधायक नीरज नैय्यर तथा डॉ. जनक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जगत सिंह नेगी ने जिला के अनछुए क्षेत्रों को विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2021 में शुरू



किए गएचलो चंबा अभियान की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की साहसिक और रोमांचक प्रतिस्पधाओं के आयोजन से जिला में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन ना केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध होंगे अपितु जिला की समृद्ध लोक कला एवं समृद्ध संस्कृति के उत्थान व प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## हिमाचल के पानी पर बात भी करने को तैयार और लड़ाई भी लड़ने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

पंजाब के सीएम भगवंत मान द्वारा बीबीएमबी के पानी पर हिमाचल को एनओसी न लेने की शर्त में केंद्र सरकार द्वारा दी गई छूट के मामले पर प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रतिक्रिया दी है। मंडी में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल के पानी पर हिमाचल का हक है। इसपर हम बात करने के लिए भी तैयार हैं और अगर लड़ाई लड ?ी पड़ी तो उसके लिए भी तैयार हैं। पंजाब पुर्नगठन के तहत हिमाचल प्रदेश की 7ण19 प्रतिशत की हिस्सेदारी बनती है जिसके हजारों करोड़ रूपए अभी तक लेने को बकाया हैं। इन सभी विषयों पर राज्य सरकार बात करने को भी तैयार है और लड़ाई लड ? के लिए भी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि वाटर सेस लगाना भी राज्य सरकार का विशेषाधिकार है। इस विषय पर राज्य सरकार बिल्कुल भी पीछे हटने वाली नहीं है। केंद्र सरकार की तरफ से जिस तरह से अडंगा अडाया जा रहा है वो उचित नहीं है। केंद्र सरकार ने कह दिया है कि कोर्ट में जाकर लड़ाई लड़ो तो उसके लिए भी राज्य सरकार तैयार है। इसमें यदि सरकार चाहे तो वातालर्प किया जा सकता है



लेकिन हकों को लेने में प्रदेश पीछे नहीं हटेगा। इससे पहले उन्होंने मंडी में एडीबी और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके एशियन डेलेल्पमेंट के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एडीबी के माध्यम से 1062 करोड़ की ग्रामीण पेयजल सुधार एवं आजीविका परियोजना प्रदेश के लिए स्वीकृत हुई है। इससे 10 जिलों की 3.96 लाख जनसंख्या लाभांवित होगी। इस प्रोजेक्ट को 2024 की पहली तिमाही में शुरू कर दिया जाएगा और 2028 तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। पहले राज्य सरकार इस पैसे को खर्च करेगी जिसके बाद एडीबी की तरफ से यह राशि सरकार को प्राप्त होगी।

उन्होंने एडीबी के अधिकारियों को आश्वस्त किया कि परियोजना का निर्माण कार्य समय रहते शुरू कर दिया जाएगा।

## केवी सलोह में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

केंद्रीय विद्यालय सलोह में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित जनभागीदारी गतिविधियों के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए केंद्रीय विद्यालय सलोह के प्राचार्य युधवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में जिला ऊना के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जी -20, नई शिक्षा नीति 2020 एवं मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के बारे मे जागरूक करना था।

## अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव में होंगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की भव्यताः सुंदर सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मुख्य संसदीय सचिव वन, उर्जा, पर्यटन ० परिवहन तथा अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में इस बार बहुत कुछ नया होगा तथा अंतरराष्ट्रीय भव्यता बनाई जाएगी। यह बात उन्होंने आज अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव कमेटी की प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस बार अंतरराष्ट्रीय लोक नृत्य उत्सव दशहरा में इस बार अनेक नये आकर्षण जोड़े जाएंगे। उन्होंने कहा की प्रदर्शनी मैदान में कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा जिसमें बेहतरीन स्थानीय कलाकार आकर अपनी प्रस्तुति दे सकेगा।इसके अतिरिक्त अटल सदन में भी



कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। लाल चन्द प्रार्थी कलाकेंद्र में उत्कृष्ट कलाकारों ० अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां होंगी। इस बार विश्व के श्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया जाएगा तथा स्थानीय कलाकारों को भी पूरा अधिमान दिया जाएगा, लेकिन इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि उत्सव का अंतरराष्ट्रीय स्वरूप बना रहे। इसके लिये विभिन्न देशों, देश के विभिन्न राज्यों तथा प्रदेश के समस्त जिलों की सांस्कृतिक झलक दशहरा में बखूबी दिखाई देगी। इसके लिए इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी की भी सेवाएं ली जायेंगी।उन्होंने कहा की इस बार स्टालों के आवंटन का तरीका भी बदला जाएगा। स्टालों के रेटस का युक्तिकरण किया जाएगा। प्लाट आवंटन के लिए दो महीने पहले ही निविदाएँ आमंत्रित की जायेंगी।

## हिमाचल बाल सत्र में विधायक बने कामेश का स्कूल प्रशासन ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

हिमाचल प्रदेश में पहली बार आयोजित बाल सत्र में बतौर विधायक भाग लेने वाले हिम सर्वोदय स्कूल के छात्र कामेश डोगरा का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ है। स्कूल प्रबंधन के द्वारा सादे समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्र कामेश डोगरा का स्कूल परिसर में पहुंचने पर बच्चों द्वारा कामेश का हार पहनाकर स्वागत किया गया। वही स्कूल प्रबंधन ने कामेश को टोपी पहनाकर व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया है। कामेश डोगरा को बाल सत्र में सबसे कम उम्र का विधायक बनने का मौका मिला। उन्होंने अपने प्रश्न काल में



संबोधित करते हुए कहा कि कितना गंभीर व आश्चर्य का विषय है कि पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पिछड़ता हुआ जा रहा है शीघ्र सरकार को इलैक्ट्रिक वाहन प्रयोग में लाने चाहिए जिससे बढ़ रहे वायु प्रदूषण कम हो सके और यह भी सख्त नियम बनाना चाहिए कि एक घर व परिवार में एक वाहन ही सुनिश्चित होना चाहिए जिससे पर्यावरण व सडकों पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके। कामेश डोगरा की उम्र नौ साल है तथा इसके पिता रजनीश कुमार अध्यापक है तथा माता कृष्णा कुमारी निजी स्कूल में अध्यापिका हैं कामेश बड़ा होकर अध्यापक बनना चाहता है। वहीं स्कूल प्रबंध निदेशिका 'नीलम महाजनइ ने कहा कि स्कूल के छठी कक्षा के बच्चे ने बाल विधानसभा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की जो स्कूल के लिए बहुत ही गर्व का पल है तथा अन्य स्कूल के बच्चों के लिए भी प्रेरणाश्रोत है।

यह स्कूल प्रबंधन व अध्यापक वर्ग की मेहनत को दशार्ता है जिससे स्कूल का कोई न कोई बच्चा अपनी अलग पहचान बनाकर स्कूल व माता पिता का नाम रोशन कर रहा है। स्कूल प्रबंधन बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है

## उप-मंडल अधिकारी ने दिलाई नगर पंचायत भुंतर के मनोनीत सदस्यों को शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उप-मंडल अधिकारी विकास शुक्ला ने नगर पंचायत भुंतर के मनोनीत सदस्य भूपेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह बौद्ध व अमन सकलानी को आज नगर परिषद हॉल भुंतर में मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर की उपस्थिति में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने सभी मनोनीत सदस्यों को बधाई दी।

मनोनीत सदस्य भूपेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह बौद्ध व अमन सकलानी ने



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर व मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर का नगर पंचायत भुंतर के लिए उन्हें मनोनीत करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत भुंतर की अध्यक्ष मीना ठाकुर, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अजय किशोर, पार्षद, नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी डीआर नेगी व अन्य बशिष्ठ जन उपस्थित थे।

# चंबा हत्याकांडः जयराम ठाकुर ने मांगी एनआईए जांच

## पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी के तथ्य लाए सामने



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि चंबा जिला में एक गंभीर मामला सामने आया है और 6 जून, 2023 को मनोहर जो हिंदू दलित परिवार से संबंध रखता था वह घर से गुम हो गया, कुछ दिनों बाद उसकी लाश एक नाले में मिली जिसके 8 हिस्से बोरी से बरामद हुए। हमारी देवभूमि हिमाचल प्रदेश में यह घटना रेयर है, इस घटना को लेकर समाज में तनाव है और यह घटना देश एवं प्रदेश में चिंता का विषय बन गई है। यह सामान्य घटना नहीं है और किसी सामान्य व्यक्ति द्वारा नहीं की गई है। यह असामान्य घटना है जिसने पूरे प्रदेश भर को झंझोर कर रख दिया है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस घटना में मुख्य आरोपी मुसाफिर मोहम्मदए उनकी पत्नी फरीदा और अन्य 6 लोग हैं। मनोहर की हत्या लकड़ी काटने वाले कटर द्वारा की गई है ऐसा पता चला चाय। लाश को जलाने का प्रयास भी किया गया पर पड़ोसी गड्डियों से डर के लाश को बोरी में सुनसान जगह डाल दिया गया। कुछ दिनों बाद मनोहर का जूता नदी में मिला और उसके बाद लाश बरामद की गई। उन्होंने कहा कि मैं आरोपी के कुछ महत्वपूर्ण जानकारी जनता के समक्ष लाना चाहता हूं जिसके बारे में हमें पता चला है, इस व्यक्ति ने हाल ही में 2000 के 97 लाख नोट बैंक में एक्सचेंज करवाए थे, इसके बैंक अकाउंट में दो करोड़ का डिपाजिट है और आय का साधन इतना नहीं है, तीन बीघा मलकियत जमीन है और कब्जा 100 बीघा जमीन पर है। अपनी जमीन पर किसी आम वायक्ति को आने जाने नहीं देता। 10,000 फीट की ऊंचाई पर यह रहता है जहां 6 से 10 फुट बर्फ पड़ती है, पर फिर भी वह इतनी बर्फ में वहीं रहता है, इसके पास 100 बकरियां है पर हर साल 200 बकरियां बेचता है क्या यह व्यक्ति किसी और की बकरियों पर कब्जा करता है। 1998 चंबा के गांव के हत्याकांड में जब जम्मू कश्मीर के आतंकी हिमाचल में घुस गए थे और 35 लोगों की हत्या करी थी, 7 लोगों को वह जिंदा ही जम्मू-कश्मीर ले गए थे जो आज तक मिले नहीं। उस मामले में भी इस आरोपी को लेकर जांच में शामिल किया गया था, इस व्यक्ति ने सभी सबूतों को नष्ट करने का प्रयास किया है और यह ही नहीं कुछ प्रभावशाली व्यक्ति इस जांच को दबाने का प्रयास भी कर रहे हैं। यह लोग कह रहे हैं यह 2 लोगों का निजी मामला है।

यह व्यक्ति अपने समुदाय में एक प्रभावशाली व्यक्ति भी है और छुप छुप कर इनके समुदाय के लोग इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही हैं। वर्तमान सरकार ने इस पूरे मामले को लेकर एसआईटी का गठन तो किया है पर भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि इस पूरे मामले की एनआईए से जांच करवानी चाहिए क्योंकि इसमें बहुत सारे पहलू सामने निकल कर आएंगे।

# थानाकलां सड़क हादसे में मां की मौत

**8 मृतक की पहचान सावित्री देवी पत्नी तुलसी राम निवासी गुदमी, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है**



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना बंगाणा के तहत थानाकलां पिकअप व कार में टक्कर हो गई। हादसे में 80 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जबकि बेटा सहित दो घायल हुए हैं। मृतक महिला की पहचान सावित्री देवी पत्नी तुलसी राम निवासी गुदमी, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह राकेश कुमार पुत्र तुलसी राम निवासी गुदमी जिला हमीरपुर अपनी माता सवित्री देवी व ज्योति शर्मा निवासी घुमारवी के साथ कार में सवार होकर ऊना से बंगाणा की ओर जा रही थे। थानाकलां के समीप पिकअप गाड़ी के साथ टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार सवित्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राकेश कुमार व ज्योति शर्मा घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी। डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कटराई के आयुर्वेदिक अस्पताल में शुरू हुई पंचकर्मा चिकित्सा सुविधा

**8 इस सुविधा के शुरू होने से अब अप्पर वैली के मरीजों को अपना इलाज करवाने के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा**



**टीम एक्शन इंडिय/मनाली/राज अग्रवाल**

राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कटराई में बहुप्रतीक्षित पंचकर्मा चिकित्सा की सुविधा शुरू हो गई है। इस सुविधा के शुरू होने से अब अप्पर वैली के मरीजों को अपना इलाज करवाने के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गौरतलब है कि इससे पहले यह सुविधा जिला में एकमात्र आयुर्वेदिक अस्पताल ढालपुर में ही उपलब्ध थी। नतीजतन मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय का रुख करना पड़ता था। जिसकी वजह से अप्पर वैली के ज्यादातर लोग पंच कर्मा चिकित्सा की सुविधा से वंचित रह जाते थे। लेकिन अब कटराई अस्पताल में पंच कर्मा चिकित्सा के आरंभ हो जाने से इलाके के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।हालांकि इस अस्पताल का नया भवन अभी निमार्णाधीन है, जिसमें इस चिकित्सा सुविधा का संचालन होना अपेक्षित है, लेकिन मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने अस्पताल के पुराने भवन में ही मरीजों को पंच कर्मा चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करवाने का फैसला लिया। पंच कर्मा चिकित्सा विधि के बारे में जानकारी देते हुए अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं प्रभारी डॉक्टर जसविंदर कपूर ने बताया की पंच कर्मा आयुर्वेद की एक बहुत ही प्रभावशाली चिकित्सा विधि है जोकि मनुष्य के शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकाल कर स्वास्थ्य और नव जीवन का संचार करता है हमारे ऋ षि-मुनियों ने सदियों पहले ही मनुष्य के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य हेतु अनेक प्रकार के उपायों की खोज की थीए उन्हीं में से पंच कर्मा भी शरीर को स्वस्थ रखने हेतु खोजी गई एक बेहद ही कारगर पद्धति है जिसमें 5 तरह के अलग-अलग प्रयोगों द्वारा शरीर की विभिन्न बीमारियों का निदान किया जाता है और रोगी बिना किसी साइड इफेक्ट के अपने रोगों से मुक्त हो सकता है। पंच कर्मा में जिन पांच उपायों का प्रयोग होता है उन्हें स्नेहन,स्वेदन, वमन, विरेचन तथा बस्ती करण कहा जाता है। खंड आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर निताशा ठाकुर ने बताया कि कटराई स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय को पंच कर्मा चिकित्सालय का दर्जा हासिल है और यह चिकित्सालय हिमाचल प्रदेश का पहला पूरी तरह से पंच कर्मा आधारित चिकित्सालय है जिसमें आने वाले समय में स्थानीय लोगों के साथ साथ घाटी में आने वाले पर्यटक भी पंचकर्म पद्धति से स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभी चिकित्सालय का नया भवन तैयार नहीं हो पाया है, जिसका कार्य अपने अंतिम चरण में है, भवन के तैयार होते ही पंच कर्मा के लिए अलग से कमरे उपलब्ध होंगे और बड़े स्तर पर इस चिकित्सा सुविधा का लाभ लोग उठा सकेंगे।

## कृषि तकनीक कोर्स ने स्वरोजगार की संभावनाएं खोली

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

एनटीपीसी कोलडैम द्वारा आयोजित कृषि तकनीक कोर्स से ग्राम पंचायत जमथल में स्वरोजगार की संभावनाएं को गति देने में पंख लग रहे है। इसी कड़ी के चलते एनटीपीसी कोलडैम द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमथल में एनएसआईसी मंडी के सहयोग से द्विमासिक आधुनिक कृषि तकनीक कोर्स का सफलता पूर्वक सम्पन हुआ। इस कोर्स से 25 प्रशिक्षुओं को लाभ मिला। एनटीपीसी के अधिकारीगण डॉ. अंजुला अग्रवाल वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर व पूरन सिंह सहायक प्रबंधक मानव संसाधन ने कोर्स के सफ ल समापन के लिए प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और कृषि किट के साथ सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी बैंक उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में मेगा टू व्हीलर लोन मेला आयोजित करेगा

**शिमला:** एचडीएफसी बैंक भारत में प्राइवेट सेक्टर का प्रमुख बैंक 16 और 17 जून 2023 को उत्तर भारत में एक मेगा टू व्हीलर लोन मेले का आयोजन कर रहा है।हिमाचल प्रदेश,पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में एचडीएफसी बैंक की 800 से अधिक बैंक शाखाएं इस टू.व्हीलर लोन अभियान की मेजबानी करेंगे।जहां टू.व्हीलर डीलर ग्राहकों को अपने नए नए व्हीकल दिखाने के लिए शाखाओं में मौजूद रहेंगे वहीं बैंक सभी पात्र ग्राहकों को जल्द ही लोन की मंजूरी देगा।एचडीएफसी बैंक के टू व्हीलर लोन मेला अभियान का उद्देश्य चुने गए क्षेत्रों में इसके लोन उत्पादों की मौजूदगी और पहुंच को बढ़ाना है ताकि ग्राहक आसानी से उनका लाभ प्राप्त कर सकें। इस लोन मेले में भाग लेने वाली शाखाएं पूछताछ डेस्क के साथ चुनिंदा दोपहिया वाहनों का प्रदर्शन करेंगी।शाखा में आने वाले ग्राहक दोपहिया वाहनों की टेस्ट राइड प्राप्त कर सकते हैं और लोन विकल्पों के माध्यम से उनके बारे में सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और मौके पर ही वाहन बुक कर सकते हैं।31 मार्च 2023 तक एचडीएफसी बैंक के टू.व्हीलर्स लोन बुक का साइज 9933 करोड़ रुपये था।

### आईपीए करेगा ग्लोबल फार्मास्युटिकल क्वॉलिटी समिट के 8वें संस्करण की मेजबानी

**शिमला:** इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस (आईपीए)द्वारा 22 और 23 जून को मुंबई में ग्लोबल फार्मास्युटिकल क्वॉलिटी समिट (जीपीक्यूएस)के आठवें संस्करण की मेजबानी की जायेगी। इस साल के प्रमुख वार्षिक आयोजन का थीम है मरीज पर केन्द्रित होना/उत्पादन एवं गुणवत्ता का नया परिदृश्य। इस समिट का लक्ष्य विभिन्न साझीदारों जैसे कि वैश्विक विनियामक,तकनीकी विशेषज्ञों और उद्योग हितधारकों को एक साझा मंच पर साथ लाना है ताकि परिचालन की महत्वपूर्ण अनिवार्यताओं पर चर्चा हो सके।इसके साथ ही इसका उद्देश्य गुणवत्ता तथा उत्पादन के सम्बंध में भारतीय फार्मा उद्योग के एजेंडा को आगे बढ़ाया जा सके।आईपीए के प्रेसिडेंट और टोरेंट इंडियन फार्मास्युटिकल्स लि.के चेयरमैन समीर मेहता उद्घाटन सत्र में सम्बोधित करेंगे जहाँ सरकार और उद्योग के हितधारक और वैश्विक विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसके बाद आईपीए के बेस्ट प्रैक्टिसेस डॉक्युमेंट को जारी किया जाएगा। समिट में कॉन्फ्रेंस के तहत महत्वपूर्ण विनियामकों जैसे कि डीसीजीआई,यूएसएफडीए, एमएचआरए,ईडीक्यूएम आदि के वक्ता होंगे।ये सभी निरीक्षण,जीएमपी,वैश्विक विनियामक दृष्टिकोण,एंड.टू.एंड ऑपरेशंस में मजबूती और गुणवत्ता अनुपालन तथा उत्कृष्टता पर ज्यादा ध्यान पर अवलोकनों की संभावनाएं साझा करेंगे। इसके अलावा महत्वपूर्ण तकनीकी सत्र होंगे जैसे कि निरंतर विनिर्माण,नाइट्रोसेमिन्स अशुद्धियाँ, डिजिटल एनालीटिक्स,ऑटोमेशन आदि। इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस के सेक्रेटरी जनरल सुदर्शन जैन ने कहा कोविड.19 महामारी के दौरान भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग ने दुनिया भर में मरीजों के लिये निश्चित गुणवत्ता की दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की थी। भारत को अब दुनिया की फामेर्सी कहा जाता है और गुणवत्ता फार्मास्युटिकल सेक्टर का एक बुनियादी सिद्धांत है।

# अब तक बनी सरकारों में सबसे निकम्मी सरकार घोषित हुई है वर्तमान प्रदेश सरकारः रणधीर शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं श्री नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार को अब तक बनी सरकारों में सबसे निकम्मी सरकार घोषित किया है। उन्होंने सरकार ने नए कार्य तो नहीं करवाए, लेकिन 31 मार्च, 2022 तक लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग में करोड़ों रुपये के कार्य होने थे वह भी नहीं करवा। उन्होंने कहा कि इस पैसे को वापस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के 250 करोड़ रुपये और जल शक्ति विभाग के करीब 320 करोड़ रुपये का पैसा वापस किया गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों को पेंमेंट तक नहीं की गई। जो ठेके आवंटित हुए थे उन्हें कैंसल कर दिया गया। रणधीर शर्मा ने कहा कि पैसे को सरकारी खजाने में जमा करवा दिया। उन्होंने सरकार पर कर्मचारियों को तंग करने का भी आरोप लगाया। रणधीर शर्मा ने कहा एनपीए के मामले को भी पत्रकार वार्ता में उठाया। उन्होंने कहा कि एनपीए के बंद करने से डाक्टरों की सैलरी पर बीस प्रतिशत का अंतर पड़ेगा। शर्मा ने कहा कि पहले ही प्रदेश में चिकित्सकों की कमी है। ऐसे में डाक्टर आएंगे ही नहीं। अगर आते हैं तो वह निजी प्रेक्टिस करेंगे और इसका विपरीत असर मरीजों की देखभाल पर पड़ेगा। इस मौके पर लोकसभा चुनावों को लेकर उठे सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीति हर बार वोटों और चुनावों से ही जुड़ती है, लेकिन यह नड्डा और अनुराग ठाकुर के दौरे सरकार के पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा करना है जिसकी उन्होंने शुरूआत बिलासपुर से की है। उन्होंने प्रदेश सरकार के छह महीने के कार्यकाल को पूरी तरह से निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इन छह महीनों में जनता को तंग किया है। गारंटियों को आज तक पूरा नहीं किया गया है। शर्मा ने कहा कि जनता के हित में खोले गए 990 संस्थानों को डिनोटिफाइ कर दिया है। इस अवसर पर जिला भाजपा प्रवक्ता सोनल शर्मा व अप्पर श्री नयना देवी मंडल भाजपा प्रवक्ता शैलेंद्र भड़ोल भी मौजूद रहे।

## डीएवी आर डब्ल्यू स्कूल को मिली 10वीं कक्षा तक सीबीएसई बोर्ड से एफिलेशन

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

गुणवत्ता के आधार पर सुसंस्कृत शिक्षा देने में उत्तरी भारत में अलग पहचान रखने वाले डीएवी आर डब्ल्यू बरमाणा की प्रधानाचार्या मोनिका वात्सायन के अथक प्रयासों के चलते स्कूल को सीबीएसई की एफि लेशन मिलने से हर्ष की लहर है। बता दे इससे पहले स्कूल में एनसीईआरटी सिलेबस के तहत कक्षाएं चल रही थी। प्रधानाचार्या मोनिका वात्स्यायन ने स्कूल को 5जी कक्षा से अपग्रेड कर दसवीं कक्षा तक मुकाम हासिल कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

# पति की याद में सुदेश ने दान दिया वाटरकूलर



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोलियां बीत में कुठारबीत की सुदेश कुमारी ने अपने पति स्वर्गीय होशियार सिंह की याद में वाटर कूलर दान दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानानार्च कमलेश चंद ने सुदेश कुमारी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# ब्लड सर्विस संस्था को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना ब्लड सर्विस संस्था को रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्यों के लिए सीएमओ ऊना ने सम्मानित किया गया। विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएमओ ऊना डा. एसके वर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीएमओ ने ब्लड सर्विस संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि टीम ऊना ब्लड सर्विस संस्था पिछले 9 वर्षो से इंडिया लेवल पर रक्तदान महादान जैसे अनेक कार्य में अपना सहयोग दे रही है। टीम के संस्थापक लवीश कपिला ने बताया कि टीम द्वारा हर 4 महीने बाद रक्तदान शिविर लगाए जाते है। हर शिविर में 150 से ज्यादा यूनिट एकत्रित किए जाते है। इसके अलावा ऊना, होशियारपुर, चंडीगढ़ पीजीआई, लुधियाना,जालंधर व दिल्ली में जरूरतमंद मरीजों को रोजाना 20 से 25 यूनिट ब्लड और प्लेटलेट्स मुहैया करवाती है।

# मणिकरण में बेहतर सुविधाएं सृजित की जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने आज विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण मणिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि की कसोल व मणिकरण में स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं सृजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मणिकरण व कसोल में सफाई व्यवस्था को दरुस्त बनाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएगी। जब तक नई कम्पनी को कार्य आबंटित नहीं होता तब तक पुरानी व्यवस्था जारी रहेगी।उन्होंने कहा कि जब तक नई कम्पनी को सफाई व्यवस्था बनाने का कार्य आबंटन नही होता तब तक गीले कूड़े का निपटान होटल व रेस्तरां मालिकों को खुद करना होगा। उन्होंने कसोल तथा मणिकरण में सडक किनारे अवैध ढारों को हटाने के निर्देश दिये। इस कार्य के लिए उप मंडलाधिकारी कुल्लू अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। जिसमें पुलिस, वन, लोक निर्माण एसाडा के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को जैलानाला से कसोल तक सडक को चौड़ा करने के निर्देश दिए।

# युवा महोत्सव के विजेताओं को सहायक आयुक्त ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शहीद श्री बालकृष्ण राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ढालपुर में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया।युवा उत्सव की थीम पंच प्रण है और इसका उद्देश्य युवा शक्ति से जन भागीदारी के माध्यम से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा दृष्टिकोण में 2047 के भारत की परिकल्पना एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए अमृत काल के पंच प्रण पर रोशनी डालना है।जिसका आगाज मंडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रतिभा सिंह ने किया।सांसद प्रतिभा सिंह को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रशांत सरकैक ने कुल्लूवी टोपी, स्टॉल पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।वही सांसद प्रतिभा सिंह ने युवा उत्सव में भारत संचार निगम लिमिटेड कुल्लू, पंजाब नैशनल बैंक कुल्लू, हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम कुल्लू, स्वास्थ्य विभाग कुल्लू, रोजगार विभाग कुल्लू, जनसम्पर्क विभाग कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग कुल्लू, नवचेतना स्पेशल स्कूल सरवरी के स्टॉल का निरीक्षण भी किया। युवाओं को सम्बोधित करते हुए मंडी लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश में 75वां आजादी का महोत्सव मना रहे हैं और जिस तरीके के कार्यक्रम पूरे देश में भारत सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं

वह बहुत ही सराहनीय है और हम नौजवान पीढ़ी को भी उसमें आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।


**GOVERNMENT OF HIMACHAL PADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**e-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**

The Executive Engineer, NH, HP.PWD, Theog on behalf of governor of HP invites the item rate basis in electronic tendering system for the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

TABLE

| S. N. | Name of work | Estimated Cost | Starting date for downloading bid | Deadline for submission of bid | Earnest Money | Cost of Form | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Construction way side Amenities on NH 05 and 705 (SH: C/o Civil Work , P/F Sanitary Installation , C/o Septic tank , C/o Car Parking area at Km 159/240 and 203/420 of NH 05 and 48/0 on NH 705 | 11025322/- | 23.6.2023 | 03.07.2023 | 220550 | 5000 | Six Months |
| 2 | A/R & M/o Kalka Shimla Wangtoo Road NH 05 Km 156/00 to 236/0(C/o B/wall at Km 231/500 to 231/550 and 233/340 to 233/360 | 5316732/- | 23.6.2023 | 03.07.2023 | 106350 | 2000 | Three Months |

The bidders are advised to note other details of tenders of from the department Website www.hptenders.gov.in.

RO No. 1169/2023-2024

Executive Engineer,
NH Division,
HP PWD, Theog.

## न्यूज फ्लैश

### सुपर जोन, जोन और सेक्टरों में विभाजित होगा मुड़िया मेला क्षेत्र

**मथुरा: गोवर्धन** में लगने वाले मुडिया मेला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजकीय मुड़िया मेला सुपर जोन, जोन और सेक्टरों में विभाजित होगा। इसकी सूची अधिकारियों ने तैयार कर ली है। इस बार प्रशासन का पहले की अपेक्षा सुरक्षा व्यवस्था पर फोकस है। परिक्रमा मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी से आपराधिक गतिविधियों पर पुलिस निगरानी करेगी। इसके लिए अलग से कंट्रोल रूम तैयार किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को एसडीएम कमलेश कुमार गोयल, सीओ राम मोहन शर्मा, तहसीलदार अजीत कुमार, इंस्पेक्टर ओम हरि वाजपेई ने राजकीय मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं पर मंथन किया। थाना कार्यालय परिसर में अधिकारियों ने मेला क्षेत्र को सुपर जोन, जोन, और सेक्टरों में विभाजित करने के लिए प्वाइंट निर्धारित किए। डीएम पुलकित खरे और एसएसपी शैलेंद्र कुमार पांडेय के बाद सेक्टर, जोन और सुपर जोन की सूची फाइनल होगी। उसके उपरांत तिराहे चौराहों पर संकेतक बोर्ड एवं फ्लेक्स लगाए जाएंगे। इस बार 60 सेक्टरों के प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं।

### चुनाव से पहले सभी पात्र किसानों को मिले पीएम सम्मान निधि

**मथुरा: अभी तक** तमाम किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे। उम्मीद जगी है कि अब सभी पत्र किसानों को सम्मान निधि की किस्त मिल जाएगी। सिस्टम की कोशिश यही है लोकसभा चुनाव से पहले सभी पात्र किसानों को सम्मान निधि की किस्त मिल जाएग। इसके लिए तहसील स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर ने जनपद के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि जनपद में इस योजना के लाभ से वंचित किसान जो इस योजना के लाभ के लिए पात्र हैं, परन्तु अभी तक लाभ प्राप्त करने से वंचित रहे हैं, उन्हें योजना का लाभ मिले ये सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के लाभ से वंचित रहने के कई कारण हो सकते हैं। लाभ से वंचित होने के कारणों में कृषक द्वारा पात्र होते हुए भी पी.एम. किसान पोर्टल पर अभी तक ओपन सोर्स से आवेदन नहीं किया हो, वंचित किसानों के लिए यह बड़ी वजह हो सकती है। वहीं कृषक द्वारा ओपेन सोर्स से आवेदन कर दिया गया हो, परन्तु उक्त को स्वीकृत न किया गया हो एवं आवेदन विभिन्न कारणों से लंबित चल रहा हो, आवेदन पूर्व में स्वीकृत हो गया हो परन्तु भू लेख अद्यावधिक न हो पाने के कारण आगामी किस्त न प्राप्त हो रही हों तथा पूर्व से स्वीकृत कृषकों का भूलेख का सत्यापन होने के पश्चात भी आधार का लिंक बैंक खाते में नही हो पाया हो। जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत समस्त पात्र कृषकों के संतृप्तिकरण के लिए तहसील स्तरीय शिविर का आयोजन जनपद के प्रत्येक तहसील मुख्यालय में 15 से 23 जून तक प्रत्येक कार्यदिवस में किया जा रहा है। जिसमें राजस्व विभाग, कृषि विभाग, इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

### छात्रों को गणित, विज्ञान, प्राणी विज्ञान और संस्कृत जैसे विषयों को प्राथमिकता देनी चाहिए

**पानीपत: आर्य** बाल भारती पब्लिक स्कूल परिसर में आर्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इसके मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान रहे । विशिष्ट अतिथि प्रबंधक जसवीर आर्य रहे अध्यक्षता उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से और समापन शांति पाठ के साथ हुआ । आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक रामपाल आर्य, कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक मुख्य वक्ता के रूप में रहे । यह जानकारी आचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने दी । समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि यूं तो जीवन सभी प्राणियों का महत्वपूर्ण होता है लेकिन मनुष्य जीवन सबसे अधिक दुर्लभ है और वर्तमान परिवेश में मानव जीवन स्वस्थ रखना भी दुर्लभ है। 100 साल के सुखी जीवन की अवधारणा को चिकित्सक ही साकार कर सकते हैं यही कारण है कि भारत में गुरु को गोविंद का दर्जा दिया जाता है। वही डॉक्टर को भी भगवान के समान माना जाता है उन्होंने कहा कि मां जन्म देती है गुरु जीवन को सँवारता है और डॉक्टर जीवन बचाता है उसे सुखी जीवन का रूप देता है । इसी लिए छात्रों को गणित , विज्ञान , प्राणी विज्ञान और संस्कृत जैसे विषयों को प्राथमिकता देनी चाहिए । उन्होंने कहा कि भारत विद्या विद्वान और वसुंधरा को संरक्षण करने के सभी प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा कोमल ने नीट की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त कर-के हरियाणा का नाम रोशन किया है । कोमल ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग की सन 2023 की नीट की परीक्षा में 631 अंक प्राप्त किए हैं । विद्यालय के अन्य छात्रों को कोमल से प्रेरणा लेनी चाहिए । उन्होंने कहा कि कोमल एक सामान्य परिवार से संबंध रखती है इनके पिता का नाम कृष्ण गोपाल मां का नाम मीनाक्षी है । गांव बल्ला करनाल के निवासी हैं । कोमल की मां मीनाक्षी ने बताया कि एक बार इसके पिता कृष्ण गोपाल बहुत बीमार हुए थे तभी से कोमल ने डॉक्टर बनने का लक्ष्य निर्धारित किया कर लिया था और कक्षा ग्यारहवीं में मेडिकल साइंस को चुना और सीबीएसई की परीक्षा में 96% अंक प्राप्त किए तथा दसवीं में भी 98% अंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया । कोमल की मां मीनाक्षी ने बताया कि कोमल प्रतिदिन 12 घंटे तक पढ़ाई करती है।

# आत्मनिर्भर बनेंगी ग्राम पंचायत

## ग्रामीणों को नहीं काटने होंगे तहसील, जिला मुख्यालय के चक्कर

**टीम एक्शन इंडिया /मथुरा/लोकेश चौधरी**

**नगर निकाय** की तर्ज पर ग्राम पंचायतें भी आत्मनिर्भर बनेंगी। ग्राम पंचायत सफाई कर लगाने जैसे फैसले भी ले सकेंगी। साथ ही पंचायत की आमदनी बढ़ाने के लिए कई दूसरे तरीके भी पंचायत तलाशेंगी। इस में ग्राम सचिवालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ग्राम पंचायत कार्यालय को मिनी सचिवालय में तब्दील किया गया है। इनका डिजिटलीकरण भी किया गया है। अब इसी से आय के नये स्रोत भी खुलने लगे हैं। जनपद की समस्त 495 ग्राम पंचायतों में




डिजिटल सचिवालय सेवा प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रमुख रूप से आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा खतौनी की नकल, शादी अनुदान, राशन कार्ड ऑनलाइन, छात्रवृत्ति फार्म आदि के ऑनलाइन आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिवालय से ही ऑनलाइन किये जा सकेंगे। इसे आपकी सेवा, आपके द्वार कार्यक्रम का नाम दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को सेवाओं के लिए विकास खण्ड तथा जनपद स्तर पर भटकना न पड़े और पूर्ण पारदर्शिता के साथ ग्रामीण अपनी ही पंचायत में 243 सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। शासन द्वारा सेवा शुल्क के रूप में प्रति सेवा के लिए 30 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। जिसमें से 17.50 रुपये शासकीय कर तथा पांच रुपये पंचायत सहायक का सेवा शुल्क तथा शेष 7.50 रुपये ग्राम पंचायत की आय के रूप में जुडेंगे।

> **15 जून 2023** को डिजिटल सचिवालय सेवा, जनपद मथुरा की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रारम्भ हो रही है, जिसके अन्तर्गत ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं को प्रदान करने में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कराये जाने के लिए घोषणा की गयी। 15 अगस्त तक जनपद मथुरा के जिन तीन ग्राम पंचायतों तथा तीन विकास खण्डों में डिजिटल सेवा के अन्तर्गत सबसे अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।
> **-पुलकित खरे, जिलाधिकारी मथुरा**

## छावनी में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन का विरोध प्रदर्शन जारी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**उत्तर** रेलवे के अंबाला मंडल में कर्मचारियों का अधिकारियों के द्वारा बड़े पैमाने पर शोषण के विरूध उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने आवाज उठाई और कर्मचारियों के हक की लडाई तीसरे दिन भी जारी रही, और धीरे-धीरे कर्मचारियों की संख्या मोर्चे में बढ रही है, जिससे यूनियन का यह संघर्ष ओर भी मजबूत हो रहा है। अंबाला मंडल में कार्यरत कर्मचारियों के हो रहे शोषण के विरूप यूनियन की लड़ाई जारी है, लेकिन प्रशासन कर्मचारियों की आवाज सुनने के लिए तैयार नही है, प्रशासन द्वारा लगातार कर्मचारियों की आवाज दबाने और उनका शोषण करने का सिलसिला जारी है। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन द्वारा पूरे अंबाला मंडल में ए.डी.ई.एन. सरहिंद के खिलाफ और रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है।

## सूरजमुखी की फसल को लेकर किसानों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) भारतीय** किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के बैनर तले अंबाला उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन किया गया। सूरजमुखी की फसल पर एमएसपी और ऑनलाइन वेरिफिकेशन में त्रुटियों को लेकर किसानों ने अंबाला उपायुक्त कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम अंबाला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।
किसानों का कहना है कि ऑनलाइन वेरिफिकेशन का पोर्टल जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि उन्हें मंडियों में फसल बेचने में कोई दिक्कत ना हो इसी के साथ उन्हें गेट पास भी उपलब्ध करवाया जाए।
सूरजमुखी की फसल को एमएसपी पर खरीदें ऑनलाइन पोर्टल की त्रुटि का जिक्र करते हुए किसानों ने सरकार पर आरोप लगाए की सरकार द्वारा ही यह शरारत की जा रही है और ऐसा करना सरकार को मंहगा पड़ सकता है। किसान इसे बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा यदि 2 दिन के अंदर वेरिफिकेशन नहीं होती तो लगभग 18 तारीख के आसपास फिर से उपायुक्त कार्यालय में धरना दिया जाएगा। जिन किसानों के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर जगह नहीं हैं उनके लिए पोर्टल खोला जाए ताकि उस पर किसान सूरजमुखी अपलोड करवा सकें उनका सरकार से यही निवेदन है कि जल्द से जल्द उनके गेट पास बने ताकि सूरजमुखी जितना जल्दी हो सके बिके और उनके ट्रैक्टर ट्राली फ्री हों क्योंकि किसानों ने अपने खेतों में पानी छोड़ा हुआ है उसके बाद किसानों को जीरी की तैयारी भी करनी है। लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण जून के महीने में भी सूरजमुखी की खरीद शुरू नहीं हुई है सरकार ने किसानों को परेशान कर रखा है उनकी यही अपील है कि 2 दिन के अंदर वेरिफिकेशन की जाए नहीं तो वह धरने पर बैठेंगे । जिसका जिम्मेवार मंडी प्रशासन होगा। इस अवसर पर आज अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

## बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बांधा समां

**पानीपत: हरियाणा सरकार** के निर्देश अनुसार उदय हरियाणा के तहत जन संवाद की श्रंखला में खंड इसराना के गांव ब्राह्मदण माजरा में वीरवार को राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य की बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति देकर समां बांधा। कार्यक्रम में जादूगर सम्राट एस कुमार के जादू के कारनामों ने उपस्थित दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का समापन्न राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में दो युवकों ने खंबे पर योगा की प्रस्तुति दी। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुती देने वाले बच्चों का हौसला वर्धन किया। कार्यक्रम में गांव के 50 से 80 आयु वर्ग के बुढों ने हटजा ताऊ पाछेने गाने पर बेहतरीन नृत्य कर सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया।

## जब हम किसी अच्छे कार्यों में दान करते तो उसका दोगुना होकर मिलता: देवेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**दतौली गांव** के शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने निमार्णाधीन मंदिर में टाइल लगवाने का खर्च स्वयं उठाने साथ ही हरसंभव मदद का आश्वान दिया है। देवेंद्र कादियान ने कहा कि धार्मिक कार्यों में हमें कभी पीछे नहीं हटना चाहिए, बल्कि मिलजुल कर आर्थिक सहयोग करना चाहिए, आज जो कुछ हमारे पास है भगवान की कृपा से है। जब हम



किसी अच्छे कार्यों में दान करते तो उसका दोगुना होकर मिलता है। इस दौरान दतौली में सोसायटी की तरफ से एम्बुलेंस समर्पित करने पर ग्रामीणों ने आभार जताते हुए कहा कि एम्बुलेंस सेवा की गरीब लोगों को लाभ मिल रहा है। एक कॉल करने पर एम्बुलेंस मरीज को अस्पताल तक ले जाने आने का काम कर रही है। जो काफी सराहनीय है। कादियान ने बताया कि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर द्वारा क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाने के लिए दस निशुल्क एंबुलेंस सेवा दी गई है, ये एंबुलेंस लाइफ केयर सपोर्ट है।

# वृंदावन में अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**वृंदावन में** इन दिनों अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। एक सप्ताह से विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। जिसको लेकर व्यापारी वर्ग और क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। शाम होते ही वृंदावन में अंधेरा छा जाता है और इसी के चलते व्यापारियों को भी जल्द ही बाजार बंद करना पड़ता है। इसी क्रम में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा है। वहीं वार्ड संख्या 70 के पार्षद वैभव अग्रवाल ने क्षेत्र वासियों



के साथ मिलकर विद्युत विभाग के एक्सईन अनिल कुमार एवं एसडीओ संदीप वार्ष्णेय से मुलाकात की और साथ ही वर्तमान विद्युत व्यवस्था पर रोष जाहिर किया। वहीं पार्षद वैभव अग्रवाल ने बताया कि विगत एक सप्ताह से वृंदावन की जनता विद्युत व्यवस्था से त्रस्त है और विद्युत आपूर्ति ना मिलने के कारण पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था भी चरमरा गई है। वहीं नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल ने कहा कि इन दिनों वृंदावन में विद्युत कटौती एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इस विद्युत कटौती के चलते वृंदावन में व्यापारी वर्ग बहुत ही परेशान है।
अधिकतर व्यवसाय विद्युत से चल रहे हैं और विद्युत कटौती के कारण उन व्यवसायों के ऊपर असर पड़ रहा है और साथ ही कई सारे व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग को व्यापार मंडल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह जल्द ही विद्युत कटौती की व्यवस्था को सुधारें और साथ ही उन्होंने बताया कि इन दिनों वृंदावन में अवैध तरीके से ई रिक्शा भी चार्ज हो रहे हैं। जिससे विद्युत पर बहुत ही असर हो रहा है। विद्युत विभाग के द्वारा उन पर भी कार्रवाई करनी चाहिए। वही व्यापार मंडल के चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने कहा कि व्यापारी वर्ग अब विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत कटौती को नहीं सहेगा। व्यापार मंडल ने विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा है और अगर जल्द ही उस ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं होती है, तो वृंदावन का व्यापारी वर्ग एक बड़े कदम को उठाने के लिए मजबूर होगा।

## आदित्य बिरला सन लाइफ म्यूचुअल फंड ने "हर घर एसआईपी" पहल की शुरूआत की

**नई दिल्ली।** आदित्य बिरला सन लाइफ म्यूचुअल फंड (एबीएसएलएमएफ) ने व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए "हर घर एसआईपी" पहल शुरू की है, ताकि वे लंबी अवधि में पूंजी बनाने (धन कमाने) के अपने सपने को हकीकत में बदल सकें। फिर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितने बड़े हैं या कितने छोटे।
एबीएसएलएमएफ ने भारत भर में अपनी सभी शाखाओं में यह कार्यक्रम शुरू किया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आदित्य बिरला सन लाइफ एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ए बालासुब्रमण्यिन ने कहा, एबीएसएलएमएफ में हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी घरों में अपनी मेहनत की कमाई को नियमित रूप से एक ऐसे उत्पाद में निवेश करने की आदत डालें जो उन्हें इस अनुशासित बर्ताव के लिए लंबे समय तक फायदा देता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, हमने पूरे भारत में 'हर घर एसआईपी' कार्यक्रम शुरू किया है। आने वाले महीनों में, हमारी मजबूत फील्ड डिस्ट्रीब्यूशन टीम ग्राहकों तक पहुंचेगी और उन्हें धन सृजन के लिए लंबी अवधि में एसआईपी में निवेश करने के फायदों के बारे में शिक्षित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति के दीर्घकालीन धन सृजन के सपने को हकीकत में बदला जाए।
सीएएमएस की एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि इक्विटी स्कीम्स में एसआईपी मिलेनियल्स के दो तिहाई लोगों के लिए निवेश यात्रा शुरू करने का पसंदीदा विकल्प रहा है। दिलचस्प बात यह है कि मिलेनियल्स के एक तिहाई लोग एकमुश्त निवेश करने के बारे में आश्वस्त हैं। एक उदाहरण से समझते हैं कि एसआईपी कैसे इतना लोकप्रिय हो चुका है।

## मांगे न मानी तो बिजली कर्मी करेंगे डिविजनों में करेंगे प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**एचएसईबी वर्कर्स** यूनियन ने आज दिनांक सब यूनिट नंबर 2 में घंटे का वर्क सस्पेंड कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट संगठन करता हरिद्वार ने की। उन्होनें बताया हमारा यह वर्क सस्पेंड का पहला दिन है इससे पहले सब यूनिट कार्यकारणी 8 दिन से 2 घंटे का गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन कर रही थी। आज के इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से यूनिट सचिव सतवीर देशवाल, यूनिट में उपप्रधान नंबर वन जसविंदर सिंह, सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव, सब यूनिट सचिव गुरमीत सिंह, उपप्रधान रोशन लाल, सह सचिव विकास चंद्र कैशियर प्रमोद कुमार कानूनी सलाहकार खुशीराम चेयरमैन केदारनाथ वरिष्ठ उप प्रधान प्रदीप कुमार प्रेस सचिव संजू संगठन करता नंबर दो तरसेम ऑडिटर गुरप्रीत सिंह उपप्रधान नंबर 2 हरजीत सिंह कृपाल सिंह आदि सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया व नारेबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया।

# सरकारी बिल्डिंग में ही चलेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**आंगनबाड़ी केंद्रों** को अब आंगनबाड़ी संचालिका अपने घर दुकान या सामुदायिक जगह पर संचालित नहीं कर सकेंगी। सरकारी बिल्डिंग में ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो सकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन राजीव भवन सभागार में किया गया जिसमें जनपद में प्राइवेट स्थल पर संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी परिसंपत्ति में जगह प्रदान करने के निर्देश दिये गये। राजीव भवन सभागार में आयोजित की गई



विशेष बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को संयुक्त रूप से एक सप्ताह के भीतर मिशन मोड में ऐसे 19 ग्राम पंचायतों में आने वाले 36 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उपयुक्त जगह की व्यवस्था करने के लिए आदेशित किया।
इन आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु प्राथमिक विद्यालय, जूनियर विद्यालय, पंचायत भवन, पशु चिकित्सालय किसी, अन्य सरकारी भवन आदि में शिफ्ट कराए जाने हेतु निर्देशित किया है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बताया कि कि आपसी समन्वय से चारो विभाग के लोग कार्य करें तो इस कार्य में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी जिससे हजारों बच्चों के स्कूल पूर्व शिक्षा हेतु उचित वातावरण का निर्माण होगा। साथ ही सभी ईओ को नगर निकायों में प्राइवेट स्थल पर संचालित 124 आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने हेतु स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

# रक्तवीरों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिये प्रशस्ति पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

**अस्पतालों में** भर्ती बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनके इलाज में खून की जरूरत होती है, समय पर अगर उन्हें खून मिल जाए तो उनका बेहतर इलाज हो जाता है। एक यूनिट रक्त से चार लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। यह बात बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम मेडिकल एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चैधरी ने रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर कही। विदित रहे कि यह रक्तदान शिविर केएम सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया था। जिसमें 500 के करीब लोगों ने



रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन किए गए जिसमें से आज केएम के रक्तदान शिविर में 307 लोगों ने रक्तदान किया वहीं केएम हास्पिटल द्वारा दूसरा शिविर मुरारी कुंज सरस्वती इंटर कॉलेज गोवर्धन में लगाया गया जहां 17 लोगों ने रक्तदान किया। इस प्रकार केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने कुल 324 यूनिट ब्लड संग्रह किया, वहीं शेष रजिस्ट्रेशनों का रक्तदान गुरुवार किया जाएगा। केएम हॉस्पिटल चेयरमैन द्वारा यह घोषणा की गई है कि भविष्य में जितने भी रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे इसमें रक्तदान करने वाले दाताओं को फ्री हेलमेट दिया जाएगा। केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रक्तदाता दिवस को लेकर आज रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ सुबह नौ बजे से शुरू हुआ जो पांच बजे तक चला। शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चैधरी ने किया। सबसे पहला रक्तदान फरह कस्बे के झुण्डावई के प्रधान प्रताप सिंह ने करते हुए दूसरों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले डोनरों को केएम चेयरमैन श्री चौधरी ने निःशुल्क हेलमेट तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा रक्तदान करने को लेकर कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। रक्तदान करने से नया खून बनता है और व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ्य होता है। ऐसे में लोगों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान के लिए आने आना चाहिए। रक्तदान करना पुनीत कार्य है। केएम मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता ने कहा कि साल में कम से कम तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है। अगर स्वैच्छिक रूप से लोग रक्तदान के लिए आगे आएं तो ब्लड बैंक में खून की कमी नहीं होगी। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

# वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

> 8 सरकार द्वारा पिछले समय में कई अन्य विभागों के कर्मचारियों की श्रेणी अनुसार वेतनमान में बढ़ोतरी की गई है

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा रोडवेज** जागृति मंच की राज्य कमेटी के आह्वान पर अंबाला डिपो में परिचालक पे ग्रेड बढ़ाने चालक परिचालक कर्मचारी को जोखिम भत्ता देने तथा निदेशक राज्य परिवहन हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा परिचालक कर्मचारी के विरूद जारी किए गए तुगलकी



फरमान को निरस्त करवाने के लिए चार घंटे का अंबाला शहर बस स्टैंड पर सांकेतिक धरना दिया गया । इस धरने का संचालन डिपो प्रधान दयानंद यादव तथा डिपो सचिव सुनिल वर्मा ने किया। धरने के दौरान डिपो सचिव सुनिल वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में परिचालक कर्मचारी का पे ग्रेड अन्य विभागों के कर्मचारियों की तुलना में वेतनमान सम्मानजनक ना होकर बहुत ही कम है ।
सरकार द्वारा पिछले समय में कई अन्य विभागों के कर्मचारियों की श्रेणी अनुसार वेतनमान में बढ़ोतरी की गई है।

# संपादकीय

## महिलाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा में सहभागी बनाएं

**बालिकाओं** और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से रबालिकाओं और स्त्रियों को केवल दया का पात्र समझकर उन्हें घर की चारदीवारी में ना रखें' अब समय आ गया है कि बालिकाओं को प्रारंभ से और स्त्रियों को उचित मार्गदर्शन ,प्रोत्साहन देकर परिवार समाज और राष्ट्रीय सहभागिता की मुख्यधारा में उत्तरोत्तर सहभागी बनाना चाहिए 'आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है। नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है' वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था । इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है। नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है. उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है।

# चुनावी रथ में सवार दलों की सत्ताकांक्षा



ललित गर्ग

"चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा कर रहे हैं, कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है"

**आजादी** के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। 2024 लोकसभा एवं इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है, वह पहली बार देखने को मिल रहा है की चुनाव के इतने लम्बे समय पूर्व ही चुनाव जैसी तैयारियां होती हुई दिख रही है। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक हो रहे हैं। विरोधी विचारधारा के दलों के साथ ग्रुप फोटो खिंचा रहे हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बता रहे हैं। कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे हैं। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक हुआ है, वहां राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरू कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा देश की डेढ़ अरब जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है। विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे हैं, इसके लिये विपक्षी दलों में एकजुटता के प्रयास हो रहे हैं। भाजपा एवं उसके सहयोगी दल भी अपनी स्थिति को मजबूती देते हुए पुनः सत्ता में आने के तमाम प्रयास कर रहे हैं। इसके लिये एनडीए ने भी नए साथियों की तलाश तेज कर दी है। केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह की हाल में हुई तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की यात्रा से इसके पक्के संकेत मिले। भाजपा लंबे समय से दक्षिण भारत में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भी उसने इस सिलसिले में तैयारियां शुरू कर दी हैं। उत्तर भारत में वह पिछले लोकसभा चुनाव में जितना चमत्कारी प्रदर्शन किया गया कि इस बार उसे दोहराना उसके लिये जटिल प्रतीत हो रहा है। इसलिए अगर उसे फिर से बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आना है तो दक्षिण में सीटें बढ़ानी होंगी। इससे उत्तर भारत में सीटों की संख्या में संभावित कमी की भरपाई हो जाएगी। भाजपा इस योजना पर पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ बढ़ भी रही थी, लेकिन कर्नाटक विधानसभा चुनावों से उसे झटका लगा। इसके बाद से कहा जा रहा है कि भाजपा पहले जितनी ताकतवर नहीं रही। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। आम चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। कांग्रेस ने कर्नाटक की जीत को आम चुनाव की जीत से जोड़ने की जल्दबाजी दिखाना शुरू कर दिया है। जिस तरह हिमाचल एवं कर्नाटक में उसने मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लिया, उसे वह इसी वर्ष होने वाले विभिन्न राज्यों के विधानसभा एवं वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में दोहराने को तत्पर है। इसका ताजा प्रमाण है जबलपुर में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की यह घोषणा कि यदि राज्य में उनकी सरकार बनी तो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, रसोई गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में दिया जाएगा और महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने और पुरानी पेंशन योजना लागू करने का भी वादा किया। उन्होंने इसे पांच गारंटी की संज्ञा दी। कुछ इसी तरह की गारंटियां कर्नाटक एवं हिमाचल में दी गयी थी, उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति नहीं देती। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां कांग्रेस देने की बात कर रही है, वैसी ही अन्य दल भी कर रहे हैं, जिनमें आम आदमी पार्टी का सर्वे-सर्वा है। क्योंकि अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में उसने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही होते हैं, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्वअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।ह्व लोकसभा चुनाव केवल दलों के भाग्य का ही निर्णय नहीं करेगा, बल्कि उद्योग, व्यापार, रक्षा आदि राष्ट्रीय नीतियों, राष्ट्रीय एकता, स्व-संस्कृति, स्व-पहचान तथा राष्ट्र की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग जाति का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर आती हुई दिखाई दे रही है। और दलों के आधार पर गठबंधन भी एक प्रदेश में और दूसरे प्रदेश में बदले हुए हैं। एक प्रांत में सहयोगी वही दूसरे प्रांत में विरोधी है। कुर्सी ने सिद्धांत और स्वार्थ के बीच की भेद-रेखा को मिटा दिया गया है। चुनावों का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा कर रहे हैं, कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप कर्नाटक सरकार ने दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया।

# कविता

## लेखन का जादू

लिखने की चाह रखने वाले,
हर दिन लिखते रहो कुछ ना कुछ

लेखन में आएगा निखार,
बदल जाएगा सब कुछ

पंक्तियों को सजाते रहो
शब्दों को शब्द से जोड़ते रहो

होगा एक खाका तैयार
गजलें और कविताओं की
होने लगेंगी बौछार

कागज - कलम रखो हमेशा साथ
मन करे जिस पर , लिख लो लगे हाथ

एक - एक पंक्ति जोड़कर
लेखन हो जाएगा तैयार

सभी वही तो करते हैं
परिश्रम ही तो रंग लाते हैं

आपकी मेहनत कारगर होगी सचमुच
लिखने की चाह रखने वाले
हर दिन लिखते रहो कुछ ना कुछ
लेखन में आएगा निखार
बदल जाएगा सब कुछ।

अजय आनंद

## स्वास्थ्य शरीर ही नहीं सुन्दर काया भी देता है योग

शहनाज हुसैन

**यदि** आप अपने शरीर को डिटॉक्सीफाई करना चाहते हैं , अपनी माँस पेशियों को मजबूत बनाना चाहते हैं तथा जिन्दगी के रोजमर्रा के तनाव से मुक्ति चाहते है तो आप केबल योग और प्राणायाम कीजिये
योग से चेहरे पर असली आभा का निखार आता है और आपकी रंगत भी निखार आती है तथा आपका चेहरा और ब्यक्तित्व बाकई में आकर्षक और मनमोहक दिखने लगते हैं / रोज सुबह प्राणायाम , अलोम बिलोम ,शीर्षाशन ,मत्स्य आसान से शरीर से बिषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं जिससे शरीर की पाचन प्रणाली सामान्य हो जाती है और रक्त का बहाव सही हो जाता है जिसके परिणाम स्वरुप त्वचा में खिंचाब आता है , झुर्रियां हट जाती हैं और आप सुन्दर और स्वस्थ दिखने लगते हैं योग आसनों से आप गहरी नींद पा सकते हैं , कोर्टिसोल स्तर कम हो जाता है , कोलेजन में बृद्धि होती है जिससे आपकी स्वास प्रणाली मजबूत होती है , आपके जोड़ों को चिकनाहट मिलती है , आपकी मांस पेशियाँ मजबूत होती हैं। योग में साँस लेने बाली क्रियायों तथा शरीर के बिभिन्न आसनों से हार्मोन्स सन्तुलित होते हैं तथा आंतडीयों में जमा गन्दगी बाहर आ जाती है जिससे हम हल्का और स्वस्थ महसूस करते हैं जिसे आंतरिक सौन्दर्य का नाम दिया जाता है /मेरा यह मानना है अगर आप शारीरिक रूप से सुन्दर हैं तो आपका सौन्दर्य चेहरे पर स्वभाबिक रूप से झलकेगा / कुछ योग आसनों के नियमित अभ्यास से आप प्राकृतिक सुन्दरता , दमकती त्वचा तथा शारीरिक आकर्षण ग्रहण कर सकते है / बास्तव में अगर आप योग साधना को अपने जीवन से जोड़ लें तो शरीर को स्वस्थ्य रखने के साथ ही प्रकृतिक तौर पर स्थाई रूप से सुन्दर तथा प्रभाबशाली भी बनाया जा सकता है तथा महँगे सौन्दर्य प्रसाधनों , ,ब्यूटी सैलूनों के महँगे उपचार तथा समय को बचाया जा सकता है /
, भारतीय आयुर्वेदिक पद्धति योग के साधारण आसनों के जरिए आप स्थाई आन्तरिक तथा बाहरी सौन्दर्य मुफत में आसानी में पा सकते है। प्रतिदिन महज आध घण्टा सुबह तथा शाम सूर्या नमस्कार, प्राणायाम, उत्थान आसन, कपाल भाती, धनुर आसन तथा सांसो की क्रिया के माध्यम से आप अपने यौवन, सौन्दर्य तथा प्राकृतिक आकर्षण को जीवन पर्यन्त बनाऐ रख सकते है। बालों तथा त्वचा के सौंदर्य को बनाए रखने में प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। प्राणायाम से जहां तनाव कम होता है वहीं दूसरी ओर शरीर में प्राण वायू का प्रभावी संचार होता है तथा रक्त का प्रभाव बढ़ता है। प्राणायाम सही तरीके से सांस लेने की बेहतरीन अदा है। प्रतिदिन 10 मिनट तक प्राणायाम से मानव शरीर की प्राकृतिक क्लीजिंग हो जाती है। प्राणायाम का आज पूरे विश्व में अनुसरण किया जाता है। प्राणायाम से मानव खोपड़ी में व्यापक आक्सीजन तथा रक्त संचार होता है। जिससे बालों की प्राकृतिक रूप से वृद्धि होती है तथा बालों का सफेद होना तथा झड़ने जैसी समस्या को रोकने में भी मदद मिलती है।

# विचार

## रिजेक्शन को सिलेक्शन में कैसे बदलें ?

डॉ. अजय कुमार मिश्रा

**जिस** तरह से हमारे कदम आधुनिकता की तरफ तकनीकी के साथ जुड़ कर तेजी से आगे बढ़ रहे है उसी अनुपात में नई घटना और आश्चर्यचकित करने वाली बातें निकल कर सामने आ रही है` जिन पर आज बहस करना और समाधान खोजना बेहद जरुरी हो गया है` यदि आप नियमित समाचार पत्र पढ़तें हो तो आपकी जानकारी में यह होगा की नव-युवक और युवतियाँ रिजेक्शन को बर्दास्त नहीं कर पा रहें है और अनुचित कदम उठाने से गुरेज नहीं कर रहें जब भी किसी परीक्षा या प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आता है तो ऐसी घटनाएँ देखने को अक्सर मिल जाती है` आज अधिकांशतः ऐसा प्रचलित हो गया है की सफल लोगों की ही धाक और इज्जत है असफल लोगों की नहीं` जबकि सच्चाई यह है की प्रारंभ में असफल लोगों ने देश समाज को कुछ बड़ा दिया है` बचपन से यह सिखाया जाने लगा है की डॉक्टर, इंजिनियर, और सरकारी नौकरी के अतिरिक्त जीवन कही नहीं है` आधुनिकता की पहुँच मोबाइल के रूप में सभी के हाथों में है` सामाजिक नियंत्रण अब टूट चूका है` जिस उम्र में पढ़ाई करनी है उस उम्र में लोग अपराध कर रहें है` बाजारवाद का दबाव न केवल वयस्क लोगों पर है बल्कि नन्हे-मुन्नों को भी अपने नियंत्रण में तेजी से लेता चला जा रहा है` पाश्चात्य संस्कृति हम पर अब भारी होने लगी है` पारिवारिक सम्बन्धो और संस्कार को बिना नियत्रण के वेब-सीरीज हर उम्र हर तबके को प्रसारित कर कुछ ऐसा सीखा रहें है जिसका परिणाम भयावह होने से शायद ही कोई रोक सकें` इन तमाम कारणों की वजह से रिजेक्शन को बर्दास्त नहीं किया जा रहा है जबकि सामान्य रूप से उसे स्वीकार्य कैसे किया जाए ? इस पर कदम उठाने की जरूरत है। रिजेक्शन को फेस करना चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है की सभी को इसका अनुभव होता है आप एकलौतें इस संसार में नहीं है जिसने इसका बुरा अनुभव किया है , आपसे पहले भी और बाद भी लोग इसका अनुभव करेंगे।जब किसी को रिजेक्ट किया जाता है तो वह न केवल भारी दर्द को महसूस करता है बल्कि निराशा अपने चरम पर आ जाती है परिणाम स्वरुप व्यक्ति बेहद दुखी और क्रोध में हो जाता है और क्षण - भर में गलत निर्णय की तरफ न केवल आकर्षित हो जाता है बल्कि सब कायदे कानून भूल कर अपराध कर बैठता है` ऐसी स्थिति जब भी उत्पन्न हो दिमाग को ठंडा रखकर रिजेक्शन को स्वीकार करना चाहिए` क्योंकि एक सफल इन्सान के जीवन की पहली सीढ़ी रिजेक्शन ही है जिससे आप न केवल मजबूत बनते है बल्कि अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करतें है। कभी भी रिजेक्शन को व्यक्तिगत रूप से स्वीकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि रिजेक्शन कभी भी रिफ्लेक्शन नहीं हो सकता` एक व्यक्ति के अंतर्गत अनेकों ऐसी खूबियाँ है जिसके माध्यम से वह अनेकों लोगों को प्रभावित कर सकता है साथ ही ऐसे कई बड़े काम कर सकता है जिससे इतिहास में उसका नाम दर्ज हो सकें` बड़े कलाकार, सेलेब्रिटी, बड़े अधिकारी, बिजनस मैन एक दो नहीं अनेकों बार प्रारम्भ में रिजेक्ट हुए है` पर जीवन में इसे स्वीकारना और आगे बढ़ना जरुरी होता है` आपकी इच्छा शक्ति रिजेक्शन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से न केवल आपको लड़ना सिखा देगा बल्कि जीवन को सामान्य रूप में लाने में मदद करेगी। रिजेक्शन एक ऐसा अनूठा अनुभव है जिसे आप गहराई से समझ कर स्वयं की न केवल पहचान कर सकतें है बल्कि स्वयं के लिए लाभप्रद गत-विधियों में तेजी से आगे बढ़ सकतें है` मुशीबतें ही अवसर प्रदान करती है, न की सामान्य परिस्थितियां` इस बात को जितने जल्दी हम स्वीकार कर ले की रिजेक्शन जीवन का एक अहम् हिस्सा है जिससे सभी को दो चार होना ही पढ़ता है फिर चाहे निजी जीवन में हो, सामाजिक जीवन में, व्यावसायिक जीवन में हो या शैक्षिक जीवन में हो, स्वीकार कर लेने से हम विजेता बन जातें है` सबसे अहम् पहलू यह है की किसी भी विषय/ क्षेत्र में आप को रिजेक्ट होने के पश्चात लगातार पुनः कोशिश करना ही आपको आपके मुकाम तक पहुंचा सकता है। हम सभी को अपने आप को यह अनुमति देनी चाहिए की हम अपनी भावनाओं को महसूस कर सकें पर हम पर रिजेक्शन भारी न हो इसका भी ध्यान रखना चाहिए।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## प्रश्नकाल भारतीय संसद का महत्वपूर्ण साधन

सलिल सरोज

**लोक**सभा/राज्य सभा की प्रत्येक बैठक का पहला घंटा लोक सभा/राज्य सभा में सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछने और उनके उत्तर देने के लिए समर्पित होता है। प्रश्न पूछना सदस्यों के लिए उपलब्ध सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी तंत्र है। प्रासंगिक प्रश्न उठाकर, सदस्य न केवल प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों और उनके कार्यान्वयन के बारे में एक विचार प्राप्त करते हैं, बल्कि जनता के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही भी सुनिश्चित करते हैं। इतना ही नहीं, सदस्यों द्वारा सदन के पटल पर प्रश्नों के माध्यम से उठाए गए मुद्दे मंत्रालयों को अपने कार्यक्रमों में संशोधन/परिवर्तन लाने और विभिन्न संस्थानों/निकायों के कामकाज में सुधार करने के लिए मजबूर करते हैं। सदस्यों को सरकारी बाधाओं, यदि कोई हो, के बारे में भी पता चलता है। प्रश्नकाल को दिए गए महत्व के स्तर का आकलन प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों की उपस्थिति और खचाखच भरी प्रेस और आधिकारिक दीघाओं से किया जा सकता है। एक घंटे के प्रश्नों में लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय स्तर पर सुस्थापित समयबद्ध अभ्यास शामिल होता है। इसी प्रकार, एक दिन के सूचीबद्ध प्रश्नों के उत्तर सरकार के स्तर पर किए गए गहन कार्य का परिणाम हैं। और फिर, जब प्रश्नकाल शुरू होता है और सदस्य पूरक प्रश्न उठाना शुरू करते हैं, तो सदस्यों के हाथों में इस तंत्र का वास्तविक प्रभाव सामने आने लगता है। दिन का पहला घंटा होने के कारण अक्सर प्रश्नकाल बाधित हो जाता है। प्रश्नकाल के निलंबन की मांग करते हुए, विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित सदस्य सार्वजनिक हित के मामलों को उठाते हैं, जो उनकी राय में, सरकार के तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है। नतीजतन, सूचीबद्ध व्यवसाय नहीं लिया जा सकता है। प्रश्नकाल के दौरान व्यवधान के मामले को हमेशा इस संसदीय साधन में निवेश किए जाने वाले भारी समय और धन को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से देखा गया है और जो व्यवधान की स्थिति में बर्बाद हो जाता है। प्रश्न, एक संसदीय साधन के रूप में, सदस्यों से अधिकतम प्रतिक्रिया प्राप्त करते हैं।

## कैसे कैसे पढ़क्कू

डॉ. सुरेश कुमार

**साहब** बहुत पढ़े-लिखे थे। दीवार पर टंगी डिग्रियाँ इसी बात का साक्ष्य दे रही थीं। कागज पर एमए अंग्रेजी में गोल्ड मेडलिस्ट और हकीकत में ईटिंग-स्लिपिंग को पार नहीं कर पाए। जागते हैं तो ईटिंग और सोते हैं तो स्लिपिंग। अपने जरूरत के कामों के लिए कम, गो, गिव जैसे जरूरी शब्द सीख लिए हैं। पसंदीदा शब्दावली में इडियट, रास्कल, नॉनसेंस और बास्ट्रटर्ड की जपमाला बना रखी है। सबसे ज्यादा इसी को फेरते रहते हैं। इस जपमाला के चलते साहब की ह्यतगड़ीह्ल अंग्रेजी के सामने किसी के आने की हिम्मत नहीं होती थी। साहब का एक ड्राइवर था। ड्राइवर इसलिए कि वह मेहनती था। आलसी होता तो बड़ा साहब न बन जाता। मेहनत करने के शार्टकर्ट नहीं होते। सब स्ट्रेटफॉरवर्ड होता है। जबकि आलस के लिए बहाने बनाने पड़ते हैं। दिमाग दौड़ाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में इंसान ठेकेदार से लेकर वकील, इंजीनियर, डॉक्टर और स्कॉलर बन जाता है। एक झूठ को छिपाने के लिए हजार सच्चाइयों का गला घोंटना पड़ता है। यह काम बड़ा ही सच्चा धूर्त ही कर सकता है। सो साहब का ड्राइवर पढ़ा-लिखा तो था लेकिन खरीदी गई डिग्री वाले साहब का गुलाम था। आजकल असली डिग्रियाँ नकली डिग्रियों की सुरक्षा में चौक-चौबंद रहती हैं। एक दिन साहब किसी दावत से लौट रहे थे। फोकट की दावत थी सो दबाकर खा लिया। रास्ते भर ऊँघते रहे। ड्राइवर बड़ी सावधानी से चला रहा था। साहब की नींद न टूटे इसके लिए मक्खन से भी स्मूथ ड्राइविंग का नजारा पेश कर रहा था। लेकिन हर स्मूथनेस का एक अंत होता है। ड्राइवर ने अचानक से गाड़ी की गति धीमी की। साहब नींद में बडबड़ाने लगे, इडियट तुमने गाड़ी क्यों स्लो कर दी। पता नहीं यह हमारे बाप की सड़क है। किसमें इतनी मजाल जो हमारा रास्ता रोक दे। इतना सब कहते हुए वे ऊटपटांग भाषा में चालीस सेकंड वाली अपनी अंग्रेजी जपमाला बार-बार रिपीट कर रहे थे। यह देख ड्राइवर ने कहा, साहब रास्ते में स्पीड ब्रेकर है। बिना धीमे किए आगे नहीं बढ़ सकते। यह सुन साहब ने कहा, कौनसा स्पीड ब्रेकर?, कैसा स्पीड ब्रेकर। उसे पता नहीं हम कौन हैं? उसकी इतनी मजाल कि हमारा रास्ता रोक दे। बास्टर्ड पर इतना हॉर्न बजाओ कि दुम दबाकर भाग जाए।

# राखी सावंत

## ने अब दुबई में ढूंढ लिया नया प्यार ! आदिल दुर्रानी से तलाक पर ड्रामा क्वीन ने दिया अपडेट



राखी सावंत सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं, वहीं पैपराजी के साथ उनका अनोखा रिश्ता है. ऐसे में राखी पैपराजी के सामने खुद से जुड़ी हर इनफॉर्मेशन साझा करती हैं. हाल ही में राखी ने बताया कि उनका अब दुबई से खास रिश्ता बन गया है.

**राखी ने खुद से जुड़े किए ये खुलासे**

राखी ने बताया कि उन्होंने वहां एक क्लब खरीद लिया है. तो वहीं अब राखी का दुबई में एक होटल भी है. इसके अलावा राखी ने एक और हिंट दिया है कि उन्हें फिर से प्यार हो गया है. उन्होंने हिंट देते हुए बताया कि उन्हें दुबई में कोई नया साथी मिला है. तो वहीं राखी ने अपने डिवॉर्स को लेकर भी अपडेट दिया है.



**राखी ने दुबई में खरीदा क्लब और होटल ?**

टीओआई के मुताबिक, राखी ने बताया कि मैंने दुबई में क्लब और होटल खरीदा है. वो मेरे पैसों का नहीं है. सिर्फ दुबई के ही लोगों का है. उनके पैसों से ही लिया है. मेरे पर नजर मत रखना तुम लोग. मैं कोई इतनी अमीर नहीं हूं. दिल की अमीर हूं.

राखी ने इस दौरान बताया कि वे अपनी दुबई लाइफ और मुंबई लाइफ को कैसे बैलेंस कर रही हैं. राखी ने कहा- अकेली लड़की मैं क्या-क्या संभालूं? कोई जीवनसाथी चाहिए, पता नहीं. राखी ने इस दौरान शर्माते हुए पैप्स से कहा- अभी चुप रहो. मेरा डिवॉर्स होना अभी बाकी है. देखिए स्टेशन सलामत है तो ट्रेन तो आती जाती रहेगी. अप्स डाउन्स जिंदगी का हिस्सा हैं. आदिल अभी भी जेल में है.

**आदिल संग डिवॉर्स पर क्या बोलीं राखी**

उसने मुझे दुबई में कई बार फोन किया. उसने कहा कि मुझे छुड़ा दो, मैंने कहा कि ये मेरा केस नहीं है. मैं नहीं कर सकती. लेकिन पता नहीं मैं चाहती हूं कि वो बेल पर छूट जाए, ताकि वो मुझे डिवॉर्स दे सके. मुझसे पहले उसका दो बार डिवॉर्स हो चुका है. लेकिन तलाक ये वाला जरूरी है.

## करण ने दृशा आचार्य पर यूं लुटाया प्यार, अपनी होने वाली दुल्हनिया को खिलाया केक, मेहमानों संग खूब नाचे सनी देओल



देओल परिवार में खुशियों का माहौल है. धर्मेंद्र के पोते और सनी देओल के बेटे करण देओल शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं. वह अगले कुछ दिनों में अपनी लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड दृशा आचार्य के साथ सात फेरे लेंगे, जिसकी पूरी तैयारियां हो चुकी हैं. हाल ही में करण देओल और दृशा आचार्य का प्री-वेडिंग फंक्शन हुआ, जिससे कुछ वीडियोज् सामने आए हैं.

**करण ने होने वाली पत्नी को खिलाया केक**

करण देओल और दृशा आचार्य के प्री-वेडिंग फंक्शन से एक वीडियो वायरल हो रहा है. इसमें देखा जा सकता है कि करण ब्लू कलर के कुर्ते में बेहद हैंडसम लग रहे हैं. वहीं, दृशा ने इस खास मौके के लिए ब्राइट येलो साड़ी पहनी हैं, जिसमें वह खूबसूरत नजर आ रही हैं. फंक्शन के दौरान दृशा केक काटती हैं और अपने होने वाले पति करण देओल को खिलाती हैं. इसके बाद करण भी दृशा को केक खिलाते हैं.

**मेहमानों के साथ जमकर नाचे सनी देओल**

कपल के प्री-वेडिंग फंक्शन से एक और वीडियो सामने आया है, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. वीडियो में सनी देओल दिल खोलकर डांस करते हुए नजर आ रहे हैं. बेटे की शादी की खुशी सनी देओल के चेहरे पर साफ नजर आ रही है. वह इस वेडिंग को खूब एंजॉय करते हुए दिख रहे हैं. सनी देओल का ये वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है.

**इस दिन करण देओल-दृशा आचार्य लेंगे 7 फेरे**

बताते चलें कि करण देओल और दृशा आचार्य ने कुछ महीने पहले गुपचुप तरीके से सगाई कर ली थी. रिपोर्ट्स के मुताबिक करण और दृशा के वेडिंग फंक्शंस 16 जून से लेकर शुरू हो जाएंगे. दोनों 18 जून को मुंबई के ताज लैंड्स इंड में सात फेरे लेंगे. इंगेजमेंट से पहले कपल ने एक-दूसरे को कई सालों तक डेट किया था. अब दोनों पति-पत्नी बनने जा रहे हैं. दृशा दुबई में एक ट्रैवल एजेंसी में बतौर मैनेजर काम करती हैं.

**सनी देओल के बेटे करण देओल का करियर**

करण देओल, सनी देओल और पूजा देओल के बड़े बेटे हैं. उन्होंने साल 2019 में फिल्म पल पल दिल के पास से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. इस फिल्म को सनी देओल ने प्रोड्यूस किया था और डायरेक्टर भी वह खुद ही थे. हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी. अब करण देओल 'अपने 2' में नजर आएंगे.

## रिलीज से पहले ही हिट हो गई आदिपुरुष, झटके में कमा लिए 210 करोड़ रुपये, तोड़ पायेगी दंगल का रिकॉर्ड?



डायरेक्टर ओम राउत की अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष को लेकर काफी बज बना हुआ है. फिल्म के रिलीज में अब बस 1 ही दिन बचा है और 16 जून को देशभर में रिलीज कर दी जाएगी. फिल्म के रिलीज से पहले ही इसकी खूब चर्चा है. प्रभास, कृति सैनन, सनी सिंह और सैफ अली खान स्टारर फिल्म आदिपुरुष बड़े बजट की फिल्म हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 500 करोड़ रुपये के बजट से बनी है.फिल्म रिलीज से पहले ही प्रोड्यूसर्स ने 210 करोड़ रुपयों की कमाई कर ली है. दरअसल फिल्म के रिलीज से पहले फिल्म के ओटीटी और टीवी राइट्स की बड़ी डील हुई है. फिल्म ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला के मुताबिक, 'फिल्म के तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में फिल्म के राइट्स को करीब 150 करोड़ रुपये में हुई है. वहीं हिंदी बेल्ट में 120 करोड़ रुपये में राइट्स बेचे गए हैं.' ऐसे में फिल्म ने रिलीज से पहले ही 210 करोड़ रुपयों की कमाई कर ली है.

**पहले ही बिक चुकी हैं 40 हजार से ज्यादा टिकट**

रविवार शाम 6 बजे तक, भूषण कुमार द्वारा निर्मित ओम राउत निर्देशित तीन नेशनल चेन्स पीवीआर, आईनॉक्स और सिनेपोलिस में लगभग 36,000 टिकट बेच चुकी है. आदिपुरुष 23,000 से 25,000 टिकटों के आसपास के काउंटरों को आधी रात तक बंद करेंगे. आदिपुरुष इस आने वाले शुक्रवार को रिलीज हो रही है और 24 घंटे पूरे होने से पहले ही फिल्म ने अच्छे नंबर्स लाकर अपना जलवा दिखा दिया है. बीती रात 11:30 बजे तक, प्रभास स्टारर ने अकेले हिंदी वर्जन से 1.40 करोड़ की कमाई की है. इसमें 3डी वर्जन से 1.35 करोड़ ग्रोस शामिल हैं, जो 36,000 से अधिक टिकटों की बिक्री के बराबर है.

**प्रीबुकिंग में लोगों ने की रिकॉर्ड बुकिंग**

आदिपुरुष ने वीकेंड के लिए नेशनल चेन्स में 35,000 टिकट सेल किए हैं. पीवीआर और आईनॉक्स 8800 और 6100 टिकट बेचकर सबसे आगे हैं, जबकि सिनेपोलिस ने 3500 टिकट बेचे हैं. 6 घंटे के ब्रेक में यह बहुत अच्छी छलांग है क्योंकि फिल्म की लगभग बिक्री हुई थी. रविवार दोपहर 12 बजे 7800 के टिकट बिके. कुछ सेलेब्रिटी द्वारा किए गए वादे के अनुसार कुछ बल्क बुकिंग हो रही हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह सेलिब्रिटी की खरीदारी हनुमान सीट या ऑडियंस से ऑर्गेनिक बुकिंग का रिजल्ट है.



# कंगना रनौत

## करने जा रही हैं शादी? पैप्स ने पूछा सवाल तो कार्ड देकर बोलीं- आप सब जरूर आना

बॉलीवुड में कई बार सेलेब्स की शादी की खबर होती है, तो कई बार फैंस को सीधा सरप्राइज ही मिलता है. प्रोड्यूसर मधु मंटेना की शादी की बाद इस दिनों सनी देओल के बेटे की शादी की चर्चाएं जोरों पर हैं. लेकिन इस शादी के साथ क्या बॉलीवुड की पंगा क्वीन भी शादी के लिए तैयार है? क्या उन्होंने अपने हमसफर की तलाश कर ली है? ये सवाल इसलिए क्योंकि शादी को लेकर जब उनसे पैप्स ने सवाल किए तो उन्होंने कार्ड दिया और कहा आप सब जरूर आना.कंगना रनौत अक्सर अपने बेबाक बोल के लिए सुर्खियों में रहती हैं. एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी जिसमें वह अपनी शादी को लेकर बात करते हुए पैप्स को कार्ड दे रही हैं, क्या माजरा है. आइए जानते हैं.

**वीडियो हुआ वायरल तो फैंस लगाने लगे कयास**

कंगना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली कंगना का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या कंगना शादी करने जा रही हैं? दरअसल, सेलेब्रिटी पैपराजी विरल भयानी ने एक वीडियो शेयर किया है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कंगना रनौत के ऑफिस के बाहर मीडिया की भीड़ लगी है और बैकग्राउंड काफी सजा हुआ नजर आ रहा है.

**वीडियो में क्या है?**

वीडियो में एक रिपोर्टर बोल रहा है, 'जैसा की आप देख सकते हैं कि कंगना रनौत का ऑफिस दुल्हन की तरह सजा हुआ है तो क्या यह सच है कि कंगना रनौत आखिरकार शादी कर रही हैं?' तभी कंगना रनौत पीछे से एक कार में एंट्री लेती हैं, जब मीडिया कंगना से पूछती है कि क्या शादी की बात सच है तो इस पर एक्ट्रेस रिएक्शन देते हुए कहती हैं, 'खबरें तो आप लोग फैलाते हो, मैं तो सिर्फ खुशखबरी देती हूं'. इसके बाद वह एक कार्ड उठाती हैं और मीडिया को देते हुए कहती हैं, 'आप सब आइयेगा जरूर'.

**शादी कंगना की नहीं है 'टीकू और शेरू' की है**

जो कार्ड एक्ट्रेस ने पैप्स को दिया उस पर लिखा था 'टीकू वेड्स शेरू.' दरअसल, शादी कंगना की नहीं है 'टीकू और शेरू' की है. दरअसल, इस वीडियो के जरिए कंगना रनौत अपने प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का प्रमोशन कर रही थीं. यह फिल्म 23 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी. अवनीत कौर और और नवाजुद्दीन सिद्दीकी स्टारर फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का निर्देशन जहां साईं कबीर ने किया है तो वहीं फिल्म को कंगना रनौत ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म को लेकर कंगना रनौत काफी एक्साइटेड हैं.

## कच्चा तेल 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 74 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट




के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.08 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 73.12 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.05 डॉलर यानी 0.07 फीसदी लुढ़क कर 68.22 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## केंद्र का राज्यों को तुअर और उड़द दाल की कीमतों पर नजर रखने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने उपभोक्ताओं को सस्ती तुअर और उड़द दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाया है। केंद्र ने राज्य सरकारों को तुअर और उड़द दाल की कीमतों पर लगातार नजर रखने और भंडारण सीमा आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव निधि खरे की अध्यक्षता में यहां हुई एक बैठक में राज्य सरकारों को यह निर्देश



दिया गया। इस बैठक में तुअर और उड़द दाल के भंडारण की जानकारी के साथ राज्य सरकारों की लगाई गई भंडारण सीमा पर अमल की समीक्षा की गई। मंत्रालय के मुताबिक इस बैठक में तुअर और उड़द दाल के संबंध में सीडब्ल्यूसी और एसडब्ल्यूसी गोदामों में खुदरा कीमतों, विभिन्न स्टॉक-होल्डिंग संस्थाओं द्वारा प्रकट स्टॉक की मात्रा की समीक्षा की गई। गौरतलब है कि गत दो जून को केंद्र ने दालों की जमाखोरी और संदिग्ध सट्टेबाजी को रोकने के लिए 31 अक्टूबर तक तुअर और उड़द का भंडार रखने की सीमा लगा दी थी। थोक विक्रेताओं पर 200 टन की स्टॉक सीमा लगाई गई, जबकि खुदरा विक्रेताओं पर पांच टन की सीमा तय की गई है।

## जेटविंग्स एयरवेज को मिला एनओसी, अक्टूबर से शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** हवाई सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है। एयरलाइन जेटविंग्स एयरवेज को नागर विमानन मंत्रालय डीजीसीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया है। जेटविंग्स एयरवेज देश में एयरलाइन सेवा शुरू करने वाली पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली कंपनी होगी। कंपनी की उड़ान सेवा अक्टूबर से शुरू होने की उम्मीद है। जेटविंग्स एयरवेज ने बुधवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि उसे अनुसूचित यात्री परिवहन सेवा संचालन के लिए एनओसी मिल गया है। एयरलाइन शुरुआत में 'उड़ान' योजना के तहत पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में विभिन्न गंतव्यों के लिए उड़ानों का परिचालन करेगी। जेटविंग्स एयरवेज प्रीमियम इकनॉमी सेवाएं प्रदान करते हुए पूर्वोत्तर की यात्रा करने करने वाले यात्रियों को आकर्षित करना चाहती है। जेटविंग्स के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजय आदित्य सिंह ने बताया कि हम संचालन के लिए अपनी तैयारी और औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि जेटविंग्स एयरवेज अगले कुछ महीनों में उड़ान भरने के लिए तैयार है।

# यूएस फेड के फैसले का ग्लोबल मार्केट पर दिखा असर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) द्वारा ब्याज दरों को लेकर किए गए फैसले का असर पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट के कामकाज पर साफ-साफ नजर आया। ब्याज दरों में बदलाव नहीं होने के कारण जहां निवेशकों का एक वर्ग उत्साहित दिखा, वहीं जल्द ही ब्याज दरों में 2 बार बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने की वजह से कुछ निवेशकों में बेचैनी भी देखी गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ऐलान के बाद वॉल स्ट्रीट मिलाजुला कारोबार करके बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान बढ़त की स्थिति बनी रही। जबकि आज एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान डाओ जोंस 232.79 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 33,979.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,372.59 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 13,626.48 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आपको बता दें कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले 15 महीने की अवधि में ऐसा पहली बार हुआ है, जब




यूएस फेड ने ब्याज दरों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इसके पहले यूएस फेड लगातार 10 बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर चुका है, जिसकी वजह से अमेरिका का बेंचमार्क इंटरेस्ट रेट पिछले 16 साल के सर्वोच्च स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गया है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने के यूएस फेड के फैसले का अमेरिकी बाजार में निवेशकों के एक वर्ग ने खुलकर स्वागत किया। लेकिन अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बैठक के बाद बुधवार को इस बात के संकेत भी दिए कि इस साल वो दो बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। हालांकि ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का फैसला इस बात का आकलन करने के बाद ही किया जाएगा कि अभी तक ब्याज दरों में की गई बढ़ोतरी का अमेरिकी अर्थव्यवस्था और महंगाई पर क्या असर हुआ है।

यूएस फेड ने इस बात के संकेत भी दिए हैं कि अगर इस आकलन के बाद महंगाई पर काबू पाने के लिए आवश्यक लगा तो अगले महीने से ही ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का सिलसिला एक बार फिर शुरू किया जा सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व कि इस संकेत की वजह से निवेशकों के एक वर्ग में घबराहट का माहौल भी बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एफटीएसई इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,602.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,328.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का समुद्री खाद्य वस्तुओं का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 63,969.14 करोड़ रुपये (8.09 बिलियन अमरीकी डॉलर) के समुद्री खाद्य पदार्थ का अबतक का सर्वाधिक निर्यात हुआ है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में 17,35,286 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात हुआ, जो 63,969.14 करोड़ रुपये (8.09 बिलियन अमरीकी डॉलर) का रहा। वित्त वर्ष 2021-22 में 57,586.48 करोड़ रुपये (7,759.58 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 13,69,264 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य पदार्थ का निर्यात किया गया था। आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान मात्रा के लिहाज से निर्यात में 26.73 फीसदी, रुपये के



हिसाब से 11 फीसदी और डॉलर के हिसाब से 4.31 फीसदी की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक सूखी झींगा मछली मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से प्रमुख निर्यात की वस्तु बनी रही, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन, भारत के समुद्री खाद्य पदार्थ के प्रमुख आयातक बन गए हैं।

मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थ का सबसे बड़ा आयातक है। इसके बाद चीन, यूरोपीय संघ, दक्षिण पूर्व एशिया, जापान और मध्य पूर्व का स्थान है। वहीं, प्रमुख निर्यात समुद्री खाद्य वस्तु के रूप में सुखाई हुई झींगा मछली शीर्ष स्थान बरकरार है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट: 26 हजार डॉलर से भी नीचे फिसला बिटकॉइन

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला रुझान नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 0.53 प्रतिशत तक की नरमी आई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा 26 हजार डॉलर से भी नीचे गिरकर 25,984.66 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 0.16 प्रतिशत की नरमी के साथ लुढ़क कर 1,745.42 डॉलर के स्तर तक पहुंच गई है। आज मार्केट कैप के लिहाज से टॉप की 10 क्रिप्टो करेंसी में से 5 क्रिप्टो करेंसी लाल निशान में कारोबार कर रही हैं, वहीं 4 बढ़त के साथ हरे निशान में बनी हुई हैं, जबकि 1 क्रिप्टो करेंसी की कीमत में कोई उतार चढ़ाव नहीं आया है। अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें, तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 0.34 प्रतिशत कमजोर हुआ है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.06 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 87.05 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।



भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 25,984.66 डॉलर यानी 21.34 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में बीएनबी 5.22 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.23 प्रतिशत, ट्रॉन 1.34 प्रतिशत और पॉलीगॉन 1.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 4.31 प्रतिशत और कार्डानो 2.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। पिछले 24 घंटे के कारोबार में टॉप 10 में शामिल यूएसडी कॉइन इकलौती ऐसी क्रिप्टो करेंसी थी, जिसमें न तो कोई गिरावट है और ना ही इस पर तेजी आई है। ये आभासी मुद्रा आज 1 डॉलर के स्तर पर ही कारोबार कर रही है।

मिल रही जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में करीब 3,028 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.49 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 6.88 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी 0.15 प्रतिशत कम हुई है। इसके साथ ही इस आभासी मुद्रा की हिस्सेदारी घट कर 47.61 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा बाजार- सोने चांदी की फीकी पड़ी चमक, चांदी में 996 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** सप्ताह के तीसरे दिन भी घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुएं एक बार फिर गिरावट के साथ ट्रेड करती नजर आईं। सर्राफा बाजार में आज की कमजोरी के कारण सोना ने प्रति 10 ग्राम 509 रुपये की नरमी दिखाई। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज प्रति किलोग्राम करीब 1,000 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई। बाजार में आई गिरावट के कारण सोना आज के कारोबार में 59,347 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच कर कारोबार करने लगा। इसी तरह चांदी भी आज लुढ़क कर 73 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे चला गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सोना का अंतिम बंद भाव 59,856 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में प्रति 10 ग्राम 509 रुपये की नरमी दर्ज की गई, जिससे सोना फिसल कर 59,347 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर तक पहुंच



गया। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 509 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 298 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दिखाई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 509 रुपये की नरमी के साथ गिर कर 59,347 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 507 रुपये की कमजोरी के साथ 59,109 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 466 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 54,362 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 382 रुपये गिर कर 44,510 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। 14 कैरेट (585) सोना आज 298 रुपये सस्ता होकर 34,718 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।

सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज कमजोरी का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 996 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई। आज की नरमी के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार के आखिरी बंद भाव 73,169 रुपये प्रति किलोग्राम से फिसल कर 72,173 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई। जानकारों का मानना है कि अमेरिका समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार जारी उथल पुथल के कारण वर्ल्ड गोल्ड मार्केट भी दबाव की स्थिति में काम कर रहा है। वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में होने वाले उतार चढ़ाव का असर भारतीय बाजार पर भी स्वाभाविक रूप से पड़ता है। ऐसे में मौजूदा समय में भारतीय बाजार में भी लगातार अस्थिरता बने रहने की संभावना है। इसलिए फिलहाल छोटे और खुदरा निवेशकों को बाजार में बड़ा निवेश करने की जगह फिलहाल हर बड़ी गिरावट पर छोटे छोटे निवेश करने की नीति अपनानी चाहिए।

## उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों को 80 हजार करोड़ का फायदा

**नई दिल्ली।** सुबह के पहले घंटे में दबाव को झेलने और दिन भर के उतार-चढ़ाव भरे माहौल में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज मजबूती के साथ दिन की ट्रेडिंग का अंत किया। घरेलू शेयर बाजार ने आज कमजोर शुरुआत की थी, लेकिन शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के बाद बाजार में खरीदारी का जोर बनने लगा। खासकर दोपहर 12 बजे के बाद खरीदारी में तेजी आई, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने निचले स्तर से रिकवरी कर हरे निशान में आज के कारोबार का अंत किया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के दौरान कमोडिटी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में तेजी का रुख बना रहा। दूसरी ओर, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदार हावी रहे, जिसकी वजह से बीएसई के मिडकैप इंडेक्स ने 0.20 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट



कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 290.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 290.03 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 80 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,709 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,957 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,630 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 122 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,060 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,086 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 974 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर बढ़त के साथ और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 27 शेयर हरे निशान में और 23 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई के सेंसेक्स ने आज 27.68 अंक की कमजोरी के साथ 63,115.48 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिरकर 63,013.51 अंक तक पहुंच गया। लेकिन शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के बाद बाजार में लिवाली का जोर बनने लगा। दिन के दूसरे कारोबारी सत्र में खरीदार पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने निचले स्तर से रिकवरी करके हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ने 85.35 अंक की बढ़त के साथ 63,228.51 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 28.45 अंक की तेजी के साथ 18,744.60 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 18,690 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद खरीदारी का जोर बन जाने के कारण निफ्टी उछल कर 18,769.70 अंक तक भी पहुंचा। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ने 39.75 अंक की तेजी के साथ 18,755.90 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। दिन भर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 5.20 प्रतिशत, टाटा स्टील 2.38 प्रतिशत, ग्रासिम इंडस्ट्रीज 2.38 प्रतिशत, जेएसडब्ल्यू 2.14 प्रतिशत और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 1.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## शक्तिकांत दास लंदन में गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से नवाजा गया है। आरबीआई गवर्नर को लंदन में सेंट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स 2023 में बुधवार को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। शक्तिकांत दास को यह सम्मान कोरोना महामारी के दौरान लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है।

सेंट्रल बैंकिंग एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक शोध पत्रिका है। पब्लिकेशन की ओर से मार्च 2023 में शक्तिकांत



दास के नाम की इस अवॉर्ड के लिए सिफारिश की गई थी। आयोजकों के मुताबिक आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को इस अवॉर्ड के लिए इसलिए चुना गया, क्योंकि कोरोना महामारी के दौरान और आर्थिक उठापटक के दौरान पैदा हुए आर्थिक संकट के बीच भारत के बैंकिंग सिस्टम को उन्होंने बखूबी संभाला। इसके साथ ही महंगाई को मैनेज करने में भी उन्होंने दक्षतापूर्वक सफलता हासिल की।

उल्लेखनीय है कि शक्तिकांत दास 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले देश के दूसरे आरबीआई गवर्नर हैं। इससे पहले साल 2015 में रघुराम राजन को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## ईडी ने धन शोधन मामले में एम3एम के दो प्रवर्तकों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंचकूला स्थित विशेष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के मामले से संबंधित धन शोधन के मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह एम3एम के निदेशक बसंत बंसल और पंकज बंसल को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

दोनों निदेशकों को एजेंसी ने बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया था। धन शोधन के जिस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, वह अप्रैल में विशेष अदालत के पूर्व न्यायाधीश, उनके भतीजे और एम3एम समूह के तीसरे निदेशक रूप कुमार बंसल के खिलाफ हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्राथमिकी से संबंधित है।

एसीबी की प्राथमिकी के अनुसार, न्यायाधीश पर एम3एम समूह के निदेशकों और आईआरईओ नामक एक अन्य रियल इस्टेट समूह के खिलाफ ईडी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों में पक्षपात का आरोप था। न्यायाधीश को बाद में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने निलंबित कर दिया था। एसीबी मामले में आरोपी सभी लोगों ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है। ईडी ने एक जून को आईआरईओ समूह और इसके प्रवर्तक ललित गोयल से जुड़े धन शोधन के एक अन्य मामले में एम3एम प्रवर्तकों और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ छापेमारी की।

इसके बाद, एजेंसी ने रूप कुमार बंसल और दो अन्य निदेशकों बसंत बंसल और पंकज बंसल को गिरफ्तार किया। इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय से पांच जुलाई तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया गया। हालांकि, ईडी ने अब उन्हें एसीबी से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है।

## म्यांमार के सैनिक शासकों की बेरहमी, तूफान पीड़ितों के लिए यूएन की मदद रोकी

**म्यांमार।** म्यांमार के सैनिक शासक अब प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को मिलने वाली विदेशी सहायता भी रोकने लगे हैं। उन्होंने पिछले दिनों आए चक्रवात मोचा के पीड़ितों के लिए संयुक्त राष्ट्र की सहायता रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र सहायता एजेंसी ने मंगलवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में यह जानकारी दी। उसने बताया कि म्यांमार में इस समय दस लाख से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की तुरंत जरूरत है। म्यांमार सरकार के ताजा फैसले से उन लोगों की मुसीबत और बढ़ेगी।

म्यांमार के सैनिक शासन ने अपने ताजा फैसले का कारण नहीं बताया है। लेकिन समझा जाता है कि सैनिक शासक अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियों पर भरोसा नहीं करते। इसलिए उन्होंने इन एजेंसियों की अपनी देश में पहुंच को रोकने की कोशिश की है। म्यांमार में फरवरी 2021 में सेना ने निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का तख्ता पलट कर देश की सत्ता पर कब्जा जमा लिया था। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय सहायता एजेंसी के समन्वयक रामनाथन बालाकृष्ण ने एक बयान में कहा है- 'मैं म्यांमार सरकार से अपील करता हूं कि वह अपने इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करे और सहायता पहुंचाने के लिए पहले दी गई अनुमति को बहाल कर दे। हम उन लोगों को मदद पहुंचाने के लिए तैयार हैं, जिन्हें इनकी बेहद जरूरत है।'

म्यांमार में पिछले 14 मई को मोचा चक्रवात आया था। खासकर रखाइन प्रांत में इससे बड़ी तबाही हुई। समुद्र में उठी ऊंची लहरों और भारी बारिश के कारण इस प्रांत के कई इलाकों में बाढ़ आ गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक चक्रवात के कारण कम से कम 148 लोगों की जान गई थी। उनमें से 80 फीसदी रोहिंग्या मुसलमान थे। इसी इलाके में रोहिंग्या मुसलमान रहते हैं। म्यांमार की सेना पर आरोप है कि वह रोहिंग्या समुदाय के उत्पीड़न में शामिल रही है।

## सैन्य अभ्यास के दौरान सुरक्षा बल के जवान ने अपने ही साथियों पर चलाई गोली, दो की मौत

**टोक्यो।** जापान के प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास के दौरान दो व्यक्ति की मौत व्हीं गई है। सरकार के प्रवक्ता हिरोकाजो मत्सुनो ने बताया घटना के बाद संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस घटना के बारे में अन्य कोई भी जानकारी नहीं दी है। ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने एक बयान में कहा- 'नए कर्मियों के प्रशिक्षण में अभ्यास के दौरान एक सेल्फ डिफेंस के फोर्स के उम्मीदवार ने तीन कर्मियों पर गोली चला दी।' पुलिस ने बताया कि संदिग्ध 18 वर्षीय एसडीएफ उम्मीदवार था जिसे अन्य सैनिकों ने मौके पर ही हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार पर एक 25 वर्षीय सैनिक की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है। एक हवाई फुटेज में देखा गया कि इस घटना के बाद सैनिक और कुछ स्थानीय लोग आपातकालीन वाहन को घेरकर खड़े थे और पुलिस कर्मियों ने रोड को अवरुद्ध कर रखा था। वहां के एक स्थानीय व्यक्ति ने मीडिया से बातचीत करते हुए कि बताया कि सुबह कि साढ़े नौ बजे उन्होंने आपातकालीन वाहनों को उस क्षेत्र में जाते देखा लेकिन उससे पहले किसी तरह की कोई घटना की जानकारी उन्हें नहीं मिली थी।

## हैकिंग के अंदेशे को बिना दूर किए बांग्लादेश ने डिजिटल बैंक बनाने को दी मंजूरी

**ढाका।** बांग्लादेश के सेंट्रल बैंक ने देश में डिजिटल बैंक बनाने की पहल की है। इसके लिए एक खाका तैयार किया गया है, जिसे देश के सेंट्रल बैंक- बांग्लादेश बैंक- ने मंजूरी दे दी है। बैंक ने कहा है कि उसका मकसद बांग्लादेश को एक कैशलेस (नकदी-रहित) समाज बनाना है।बांग्लादेश ने यह लक्ष्य तय किया है कि साल 2027 तक देश में कम से कम 75 फीसदी लेन-देन कैशलेस हो। यह योजना सरकार के 2041 तक 'स्मार्ट बांग्लादेश' बनाने के लक्ष्य का हिस्सा है। फिलहाल, देश में 61 परंपरागत बैंक हैं। उनमें से कई एप और अन्य माध्यमों से डिजिटल सेवाएं देते हैं।

बांग्लादेश बैंक ने डिजिटल बैंकों के लिए जो गाइडलाइंस तैयार की हैं, उनके मुताबिक ऐसे जो बैंक बनेंगे, वे डिजिटल के अलावा कोई अन्य सेवा नहीं देंगे। मुख्यालय के अलावा उनके कोई अन्य कार्यालय भी नहीं होंगे। ये बैंक कस्टमर बैंक कार्ड जारी करेंगे। वे क्यूआर कोड और अन्य उन्नत तकनीक के जरिए लेन-देन की सेवाएं देंगे। गाइडलाइंस के ड्राफ्ट में कहा गया है- 'डिजिटल बैंकों को कुशल, किफायती और नई सेवाएं' ग्राहकों को देनी होंगी। ये बैंक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन और अन्य उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल करेंगे।

विशेषज्ञों के मुताबिक बांग्लादेश ने अपनी अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण करने की योजना बनाई है। लेकिन इस समय बांग्लादेश महंगाई, विदेशी मुद्रा घटने और बिजली की किल्लत जैसी समस्या से जूझ रहा है। उसे देखते हुए अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण की तरफ बढ़ना एक कठिन चुनौती है। वैसे सरकार को उम्मीद है कि मोबाइल के जरिए वित्तीय सेवा देने वाली कंपनियां, मौजूदा बैंक, माइक्रो फाइनेंस संस्थान, और अन्य वित्तीय संस्थान डिजिटल बैंक बनाने के लिए आगे आएंगे।

# पाकिस्तानी एजेंसियों ने किया टॉर्चर, कृष्ण ने मेरा हाथ थामा...इस्लाम छोड़ हिंदू बने शायन अली ने किया 'घर वापसी' का ऐलान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी अभिनेता और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शायन अली ने घोषणा की कि उन्होंने इस्लाम छोड़ दिया है और हिंदू धर्म अपना लिया है। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां ??उनका पीछा कर रही थीं और उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया, तो भगवान कृष्ण ने उनका हाथ पकड़ लिया। शायन ने यह भी कहा कि वह जल्द ही भारत आने की योजना बना रहे हैं। ट्विटर पर शायन अली ने अपनी घर वापसी की घोषणा करते हुए लिखा कि पिछले 2 वर्षों से अपने पूर्वजों की संस्कृति और जीवन शैली को देखने के बाद आज मैं आधिकारिक तौर पर अपनी घर वापसी की घोषणा कर रहा हूं।

अली ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) को कभी हार न मानने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने याद किया कि कैसे 2019 में उन्हें पाकिस्तानी एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किया गया था, जिसके कारण उन्हें देश छोड़ना पड़ा था। शायन अली ने बताया कि वो डिप्रेशन की ओर बढ़ रहे थे और हार मानने की कगार पर थे तभी कृष्ण ने मेरा हाथ थाम लिया। अब अपने पूर्वजों को गौरवान्वित करने का समय आ गया है।

शायन ने कहा कि वह जल्द ही अपनी मातृभूमि भारत की मिट्टी में विलीन हो जाएंगे जहां उनके पूर्वजों का जन्म हुआ था। मैं बहुत जल्द अपनी मातृभूमि का दौरा करूंगा, जहां मेरे दादा-दादी और मेरे सभी पूर्वज पैदा हुए थे। खुद को अपनी 'मिट्टी' और लोगों में मिला लेंगे, क्योंकि अंत में घर तो घर होता है। शायन अली ने कहा कि एक सनातनी होने के नाते मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि मैं किसी भी अन्य धर्म के खिलाफ नफरत का हिस्सा नहीं बनूंगा।

## नेपाल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में वैरागी सलाहकार, अर्याल मुख्य सचिव नियुक्त



**काठमांडू।** नेपाल की कैबिनेट बैठक ने शंकरदास वैरागी को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और डा. वैकुंठ अर्याल को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है । इससे पहले कैबिनेट की बैठक में वैरागी का मुख्य सचिव पद से इस्तीफा मंजूर कर लिया गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय के सचिव अर्याल 18 जून से सेवानिवृत्त हो रहे थे। उन्हें मुख्य सचिव बनाने के लिए वैरागी को अपने कार्यकाल में तीन महीने शेष रहने पर इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रचंड ने मुख्य सचिव की नियुक्ति पर फैसला लेने के लिए कैबिनेट की बैठक बुलाई। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सलाहकार के रूप में नियुक्त वैरागी ने आज शपथ ली। उन्हें प्रधानमंत्री प्रचंड ने शपथ दिलाई।

# अमेरिकी संसद में बनेगा हिन्दू कॉकस, बनेगा अमेरिकी हिन्दुओं की आवाज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद में जल्द ही हिन्दू कॉकस बनाया जाएगा। अमेरिकी सांसद श्रीशमल थानेदार ने एलान किया है कि यह हिन्दू कॉकस अमेरिकी हिन्दुओं की आवाज बनेगा।

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद श्रीशमल थानेदार अभी भारतीय मूल के सांसदों के समूह समोसा कॉकस के सदस्य हैं। यह समूह भारत से जुड़े मुद्दे अमेरिकी संसद में उठाता है। अब थानेदार ने एलान किया है कि वह अमेरिकी संसद में हिन्दू कॉकस बनाएंगे, जिसमें एक जैसा सोचने वाले नेताओं को एक साथ लाया जाएगा।

इस कॉकस का उद्देश्य होगा कि हिन्दुओं के खिलाफ देश में कोई नफरत और भेदभाव ना हो। थानेदार ने कहा कि यह अहम है कि हर व्यक्ति को अपना धर्म चुनने का अधिकार हो और वह बिना किसी डर और भेदभाव के अपने भगवान की प्रार्थना कर



सके। यह व्यक्ति का मौलिक अधिकार है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी संसद में कॉकस नेताओं के उन समूहों को कहा जाता है, जिनका एक समान विधायी उद्देश्य होता है। इन कॉकस का प्रशासन चैंबर के नियमों के मुताबिक होता है। हिन्दू कॉकस के एलान पर भारतीय मूल के लोगों ने खुशी जाहिर की। थानेदार ने कहा कि सभी का इस कॉकस में शामिल होने के लिए स्वागत है और यह एक समावेशी कॉकस होगा। थानेदार ने कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं।

# डुओमो कैथेड्रल में होगा इटली के पूर्व प्रधानमंत्री बर्लुस्कोनी का अंतिम संस्कार

**मिलान।** इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी का अंतिम संस्कार गोथिक युग के डुओमो कैथेड्रल में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार के लिए उनका पार्थिव शरीर यहां लाया गया है। बर्लुस्कोनी के सम्मान में डुओमो के बाहर और अंदर हजारों लोग इकट्ठा हो गए। उनके पार्थिव शरीर को फूलों से लदे गाड़ी से यहां लाया गया, इस दौरान उनके समर्थकों की आंखे नम थीं। इटली के अधिकतर लोग बर्लुस्कोनी को मीडिया मुगल, फुटबॉल उद्यमी और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री के तौर पर जानते हैं। वह हाल के दशकों में इटली की सबसे प्रभावशील व्यक्तित्व रहे हैं। मगर लोग इस बात पर बुरी तरह से बंटे हुए हैं कि उनका प्रभाव बेहतर था या खराब। लोगों के बीच उनको राजकीय सम्मान देने को लेकर बहस जारी है। बर्लुस्कोनी का मिलान के एक अस्पताल में निधन हो गया था। 86 वर्षीय पूर्व



प्रधानमंत्री ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। उनके परिवार ने मंगलवार को मिलान के पास बर्लुस्कोनी के बंगले में एक निजी शोक सभा का आयोजन किया था। बर्लुस्कोनी का जन्म 29 सितंबर 1936 को मिलान में एक मध्यमवर्गीय बैंकर पिता के यहां हुआ था। उन्होंने कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने 25 साल की उम्र में एक निर्माण कंपनी शुरू की और मिलान के बाहरी इलाके में मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए कई अपार्टमेंट का निर्माण कराया था।

# भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के सुझाव पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बनेगी स्मारक दीवार

**न्यूयॉर्क।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुझाव पर संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में एक स्मारक दीवार (मेमोरियल वॉल) का निर्माण किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत द्वारा पेश इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

वर्ष 2015 में अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र को संबोधित किया था। उस भाषण में मोदी ने शांति मिशन के दौरान बलिदान हुए सैनिकों की याद में मेमोरियल वॉल बनाने का सुझाव दिया था। अब संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बुधवार को यह प्रस्ताव पेश किया, जिसे 190



देशों ने समर्थन दिया। बाद में संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। इस प्रस्ताव के तहत संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक मेमोरियल वॉल का निर्माण किया जाना है। इस मेमोरियल वॉल पर संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन पर बलिदान हुए सैनिकों के नाम लिखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए कहा कि न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक उचित और प्रमुख जगह पर मेमोरियल वॉल का निर्माण किया जाएगा। इस वॉल का निर्माण शांति मिशन के दौरान बलिदान हुए सैनिकों के सम्मान में किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि यह मेमोरियल वॉल इस बात का प्रतीक होगी कि संयुक्त राष्ट्र, शांति पर इतना जोर क्यों देता है। साथ ही यह लोगों को याद दिलाएगी कि उनके फैसलों की दुनिया ने क्या कीमत चुकाई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि इस मेमोरियल वॉल का निर्माण तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा।

## भारत में नेपाली राजदूत शर्मा पर हिंदू राष्ट्र की वकालत का आरोप



**काठमांडू।** नेपाल की संसद में सीपीएन (यूएमएल) सांसद रघुजी पंत ने भारत में नेपाली राजदूत डॉ. शंकर शर्मा पर हिंदू राष्ट्र की वकालत करने का आरोप लगाया है। पंत ने गुरुवार को संसद में शर्मा पर संविधान विरोधी कार्य करने का भी आरोप लगाया। पंत ने नेपाल के एक दैनिक समाचार पत्र को दिए गए शर्मा के एक साक्षात्कार का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि नेपाली राजदूत शर्मा ने एक हिंदू राष्ट्र की वकालत करके धर्मनिरपेक्षता पर सवाल उठाया है। पंत ने यह स्पष्ट करने की मांग की कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार हिंदू राष्ट्र के पक्ष में है या नहीं।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अमेरिकी संसद में हुआ पहला हिन्दू-अमेरिकन सम्मेलन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद भवन कैपिटल हिल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पहला हिन्दू-अमेरिकन सम्मेलन आयोजित किया गया। अमेरिकन फॉर हिंदूज नामक इस सम्मेलन में अमेरिका में रहने वाले हिन्दू समुदाय की दिक्कतों की तरफ अमेरिका के कानून निर्माताओं का ध्यान आकृष्ट किया गया। सम्मेलन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और प्रार्थना के साथ हुई। सम्मेलन की अगुवाई कर रहे रोमेश जापरा ने कहा कि हमारे हिंदू मूल्य पूरी तरह से अमेरिकी संविधान के साथ साझा हैं, वह भगवद् गीता के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, इसलिए हम हिंदू अमेरिकन्स को आवाज देने के लिए समर्पित हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार इस सम्मेलन का आयोजन राजनीतिक भागीदारी के




लिए हो रहा है। अमेरिकी हिन्दू सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और अन्य सभी क्षेत्रों में सक्रिय हैं, लेकिन राजनीति के मामले में हम बहुत पीछे हैं।अमेरिकन फॉर हिंदूज सम्मेलन का आयोजन अमेरिकन फॉर हिंदूज पॉलिटिकल एक्शन कमेटी ने 20 अन्य डायस्पोरा के साथ मिलकर किया। फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क, बोस्टन, टेक्सास, शिकागो, कैलिफोर्निया आदि शहरों से करीब 130 भारतीय अमेरिकी नेताओं ने इस सम्मेलन में शिरकत की। जापरा ने कहा कि बहुत अच्छे वैज्ञानिक, डॉक्टर और बौद्धिक लोग हमारे समुदाय में हैं लेकिन हमें राजनीति में अभी उतनी सफलता नहीं मिली है, इसलिए पहली बार हम सभी हिंदू अमेरिकी नेता और 20 अलग-अलग संगठन एक साथ आए हैं। अमेरिकी संसद के स्पीकर केविन मैक्कार्थी और डेमोक्रेट और रिपब्लिकन पार्टियों के कई अन्य नेताओं ने भी इस सम्मेलन में शिरकत की।

# सड़क पर घूम रही भारतीय मूल की छात्रा और उसके दोस्तों पर चाकू से हमला, मौत

**मॉस्को।** भारतीय मूल की छात्रा की इंग्लैंड में मौत हो गई। छात्रा एक बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी थी। मध्य इंग्लैंड के नॉटिंघम की सड़क पर हुई चाकूबाजी में भारतीय मूल की छात्रा की मौत हुई है। इसके अलावा दो अन्य लोगों ने भी अपनी जान गंवाई है। जानकारी के अनुसार, भारतीय मूल की ग्रेस ओ मल्ली (19) अपनी दोस्त बरनबी वेबर (19) के साथ थीं, तभी आरोपियों ने मंगलवार तड़के उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के कारण मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

**मामले की जांच जारी है**

नॉटिंघमशायर पुलिस ने बताया कि 31 साल के संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी पहले भी हमले कर चुका है। नॉटिंघमशायर पुलिस के मुख्य



हवलदार केंट मेनेल ने बताया कि हम खुले दिमाग से केस की जांच कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में जिस तरह की जांच होती है, हम वैसे ही जांच कर रहे हैं। काउंटर टेररिज्म पुलिसिंग की मदद से तथ्यों को स्थापित करने की कोशिश है। जासूसों की एक स्पेशल टीम मामले की जांच कर रही है। जल्द ही हम कुछ दिनों में सबूत इकट्ठे कर लेंगे।

**हॉकी के साथ-साथ क्रिकेट खिलाड़ी भी मृतक**

रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी तक आधिकारिक रूप से पीड़ितों की सूची नहीं आई है। हालांकि, नॉटिंघम विश्वविद्यालय ने अपने दो छात्रों की मौत की पुष्टि की है। कहा जा रहा है ग्रेस भारतीय मूल के एक ब्रिटिश डॉक्टर की बेटी हैं। उनके पिता ने 2009 में चाकूबाजी से पीड़ित किशोरों की जान बचाई थी, जिस वजह से उन्हें प्रशंसा भी मिली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेस ने इंग्लैंड की ओर से हॉकी में अंडर-18 भी खेला है। इसके पहले वह बेहतरीन क्रिकेटर भी रह चुकी हैं। इंग्लैंड हॉकी ने ग्रेस की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। यहां उन्होंने कहा कि नॉटिंघम में मंगलवार को ग्रेस की मौत हो गई, इससे हम सब बहुत दुखी हैं। वहीं, वुडफोर्ड-वेल्स क्रिकेट क्लब ने कहा कि ग्रेस कठोर, प्रतिभाशाली और समर्पित क्रिकेट खिलाड़ी थीं।

विश्वविद्यालय के कुलपति शीयर वेस्ट ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नॉटिंघम सिटी सेंटर में हुए हमले में हमारे विश्वविद्यालय के दो छात्रों की मौत हो गई। इससे पूरा विश्वविद्यालय सदमे में है। इस कठिन समय में विश्वविद्यालय परिवार मृतकों के परिजनों और उनके दोस्तों के साथ है। दुख की इस घड़ी में विश्वविद्यालय संवेदनाएं व्यक्त करता है।

# नाटो चीफ बोले- जवाबी कार्रवाई में रूस पर भारी पड़ रहा यूक्रेन, बातचीत की मेज पर मिलेगा फायदा

**वाशिंगटन।** यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपनी बहुप्रतिक्षित जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। अब नाटो के सेक्रेटरी जनरल जेन्स स्टॉल्टेनबर्ग ने अपने एक बयान में कहा है कि जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन रूस पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो, यूक्रेन को अपनी मदद भी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। स्टॉल्टेनबर्ग ने अमेरिका के ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात भी की। राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करने अमेरिका पहुंचे स्टॉल्टेनबर्ग ने कहा कि 'हम जो यूक्रेन को मदद दे रहे हैं, वह अब युद्ध के मैदान में अंतर पैदा कर रही है। जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन, रूस के खिलाफ बढ़त बना रहा है। हालांकि अभी यह शुरुआत है लेकिन जल्द ही यूक्रेन ज्यादा जमीन को आजाद करा पाएगा और बातचीत की मेज पर जब रूस और यूक्रेन बैठेंगे तो यूक्रेन की स्थिति मजबूत रहेगी।'

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है



कि यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी जापोरिज्जिया मोर्चे पर अनुभवी रूसी टॉप जनरल की मौत हो गई है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के मिसाइल हमले के परिणामस्वरूप रूस की 35वीं संयुक्त शस्त्र सेना के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल सर्गेई गोर्याचेव की मौत हो गई है। हालांकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। यूक्रेन के हमले में कई शीर्ष जनरल मारे जा चुके हैं।

**जुलाई में होगा नाटो सम्मेलन**

स्टॉल्टेनबर्ग का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब नाटो के जनरल सेक्रेटरी का उनका कार्यकाल इस साल सितंबर में समाप्त हो रहा है। स्टॉल्टेनबर्ग बीते नौ सालों से इस पद पर हैं और ऐसी चर्चा है कि उनका कार्यकाल आगे भी बढ़ाया जा सकता है। जुलाई के मध्य में लिथुआनिया में नाटो सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें स्टॉल्टेनबर्ग के कार्यकाल, यूक्रेन युद्ध और नाटो की एकजुटता को लेकर अहम फैसले हो सकते हैं।

